


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 14 अंक - 353 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 5 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# छत्तीसगढ़ में रद्द हो रही ट्रेनें बनी लोगों के लिए मुसीबत, रेलवे ने फिर से रद्द कर दी 35 ट्रेनें

## शिवनाथ, इंटरसिटी से लेकर बरौनी गोंदिया तक शामिल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जता चुके हैं नाराजगी, पीएम को लिखा था पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में लगातार रद्द हो रही ट्रेनों के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अधोसंरचना विकास के नाम पर अचानक से ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। पहले से यात्रा का प्लान बना चुके लोगों को इससे अत्याधिक परेशानी हो रही है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी नाराजगी जता चुके हैं और रद्द ट्रेनों को बहाल करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन पहले की पत्र भी लिखा था। इसके बाद रेलवे अपनी व्यवस्था में सुधार का कोई प्रयास नहीं कर रहा है।

ताजा मामले में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा नागपुर मंडल में अधोसरंचना विकास की बात कहते हुए 35 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। नागपुर रेल मंडल के राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच में तीसरी लाइन को आमगांव रेलवे स्टेशन से जोड़ने का कार्य के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इस इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य में प्री-नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य दिनांक 7 से 10 अक्टूबर और नॉन इंटरलोंकिंग का कार्य दिनांक 11 से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसी के चलते ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें शिवनाथ एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस व बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी शामिल हैं।

बता दें ट्रेनों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने और पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिये जाने जैसी दिक्कतों से आम जनता को हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्र भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरने वाली अनेक लम्बी दूरी की ट्रेनों तथा स्थानीय यात्री ट्रेनों को विगत लम्बी अवधि से बिना किसी पूर्व सूचना एवं औचित्य पूर्ण कारण के निरस्त करने की कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई।




### मुख्यमंत्री बघेल ने कहा- मालगाड़ियों को दी जा रही प्राथमिकता

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र के माध्यम से कहा था कि यात्री ट्रेनों के अव्यवस्थित संचालन का मुख्य कारण राज्य के खनिजों की अन्य राज्यों को ले जाने वाली माल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होना तथा परिचालन में उन्हें यात्री ट्रेनों की तुलना में प्राथमिकता दिया जाना है। यात्रियों के असंतोष का एक अन्य कारण यह भी है कि रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा है। यात्री ट्रेनों के परिचालन में ऐसी अव्यवस्था तथा अराजकता देश के अन्य किसी प्रदेश में नहीं है। प्रदेश के इतने गंभीर मामले का इसने समय से हल नहीं निकलने से राज्य की जनता में आक्रोश एवं असंतोष बढ़ता जा रहा है। सीएम बघेल ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य की जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना किसी और विलम्ब के सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन पूर्ववत आरंभ करने तथा ट्रेनों की घंटों लेट लतीफी पर रोक लगाने हेतु रेलवे मंत्रालय को आवश्यक निर्देश प्रदान किया जाए, जिससे कि जनता के व्यापक असंतोष एवं आन्दोलन को समाप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री बघेल ने पीएम मोदी से कहा कि यात्रियों की मुश्किलों को देखते हुए जल्द रद्द ट्रेनों को बहाल किया जाए।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

- 11 से 13 अक्टूबर 08741 दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 12 से 14 अक्टूबर 08742 गोंदिया-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 13 अक्टूबर 08743 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 12 से 14 अक्टूबर 08744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 10 से 13 अक्टूबर 08754 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 10 से 13 अक्टूबर 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08756 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08751 रामटेक- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 10 से 13 अक्टूबर 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 10 से 13 अक्टूबर 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 10 से 13 अक्टूबर 08723 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 11 से 14 अक्टूबर 08712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल।
- 08 से 13 अक्टूबर 18239 गेवरा रोड-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) शिवनाथ एक्सप्रेस।
- 08 से 13 अक्टूबर 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस।
- 08 से 13 अक्टूबर 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) इंटरसिटी एक्सप्रेस।
- 09 से 14 अक्टूबर 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)- बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस।
- 9 अक्टूबर, 2023 को भूनेश्वर से छूटने वाली 12880 भूनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 11 अक्टूबर, 2023 को कुर्ला से छूटने वाली 12879 कुर्ला-भूनेश्वर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 11 व 13 अक्टूबर 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस।
- 12 व 14 अक्टूबर 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस।
- 12 अक्टूबर 12849 बिलासपुर पुणे एक्सप्रेस ।
- 13 अक्टूबर 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 11 अक्टूबर 20813 पुरी जोधपुर एक्सप्रेस।
- 14 अक्टूबर 20814 जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस।
- 13 अक्टूबर 12949 पोरबंदर-सांतरागाछी एक्सप्रेस।
- 15 अक्टूबर 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस।
- 07 से 13 अक्टूबर 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस दुर्ग से गोंदिया के बीच।
- 08 से 14 अक्टूबर 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस गोंदिया से दुर्ग के बीच।

## खास - खबर

### डॉ. प्रवीण वर्मा चुने गए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष



**रायपुर।** डॉ. प्रवीण वर्मा को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का कार्यकारी अध्यक्ष तथा संतकुमार नेताम को सदस्य नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के खंड (1ए) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. प्रवीण वर्मा को कार्य करने के लिए अधिकृत किया है. आयोग के अध्यक्ष के प्रशासनिक कर्तव्य. यह छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम, 2001 के विनियम 3(2) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार है। इसके अतिरिक्त, भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के खंड (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्यपाल ने वार्ड क्रमांक 3, उसलापुर, पोओ में रहने वाले संतकुमार नेताम को नियुक्त किया।

### सरकारी नौकरी में महिलाओं को मिलेगा 35 प्रतिशत आरक्षण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए आरक्षण 35 प्रतिशत करने का एलान किया था। इसका लाभ वन विभाग को छोड़कर सभी विभाग में मिलेगा। अभी तक महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था। सरकार ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नियम 1995 में किया था।


हालांकि, शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए 50 पद आरक्षित है। वहीं पुलिस में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। बाकी सरकारी पदों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण का लाभ दिया जा रहा था। इसे शिवराज सरकार का महिलाओं को आत्मनिभर और सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया जा रहा है।



### शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस शुरू, रेल मंत्री दिखाई हरी झंडी

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, शिवराज सिंह चौहान जी एवं माननीय रेल, संचार, इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार अश्विनी वैष्णव ने 5 अक्टूबर 2023 को शहडोल स्टेशन से शहडोल नागपुर एक्स्प्रेस को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। गाड़ी संख्या 11201/11202 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का दैनिक परिचालन शहडोल एवं नागपुर के मध्य की जाएगी। इस ट्रेन के ठहराव उमरिया, कटनी साउथ, जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा एवं सौसर स्टेशनों पर दिए गए है। इस ट्रेन को उदघाटन स्पेशल के रूप में स्पेशल समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएगी इसके पश्चात यह जल्द ही घोषित की जाने वाली तिथि एवं अपने अन्य ठहराव वाले स्टेशनों पर नियमित समय-सारणी के अनुसार चलेगी। इस ट्रेन के शुरू होने से जबलपुर नागपुर के बीच छिंदवाड़ा व शिवनी सीधे जुड़ जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ में योजनाओं के विकेंद्रीकरण से 3 करोड़ चेहरों पर आयी मुस्कानः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल शाम एक निजी टीवी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित भरोसा अउ सरकार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में गांवों की संख्या शहरों की तुलना में अधिक है. जहां गांव उत्पादन के केंद्र हैं, वहीं शहर ग्रामीण उत्पादों के विपणन के केंद्र हैं, इसलिए गाँवों को आत्मनिर्भर बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना की गई है। वर्तमान में, राज्य में 300 आरआईपीए हैं जिन्होंने न केवल रोजगार के अवसर पैदा किए हैं बल्कि मुफ्त वाईफाई सुविधा के कारण युवाओं के लिए ऑनलाइन शिक्षा का केंद्र भी बन गए हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सबसे पहले किसानों का कर्ज माफ किया गया और फिर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई, भूमिहीन कृषि मजदूरों को न्याय योजना में शामिल किया गया और उन्हें 7 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के लोगों की जेब में पैसा पहुंच रहा है, व्यापार क्षेत्र फल-फूल रहा है और छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था देश के अधिकांश राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। यही कारण है कि महामारी के दौरान भी छत्तीसगढ़ मंदी की मार से बचा रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने योजनाओं का विकेन्द्रीकरण कर तीन करोड़ लोगों के सपनों को पूरा किया है। आम लोगों की सुविधा के लिए बनाई गई योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन ने सरगुजा से लेकर बस्तर तक लोगों का भरोसा जीता है।

## शराब घोटालाः आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी पर आप-भाजपा आमने सामने

- **प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को किया गिरफ्तार**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दल्ली में कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद आप और भाजपा के बीच बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो गया है। आज संजय सिंह को कोर्ट में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी बीजेपी मुख्यालय का घेराव कर रही है।

संजय सिंह की गिरफ्तारी पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए संबित पात्रा ने कहा कि दिल्ली में खुले तौर पर भ्रष्टाचार हुआ है। खुले तौर पर भ्रष्टाचार करना आप का चरित्र है और जब वे पकड़े जाते हैं तो वे इस पर राजनीति शुरू कर देते हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में दोषियों को उनकी धोखाधड़ी की भयावहता के आधार पर बढ़ते क्रम में पकड़ा जाएगा। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद संजय सिंह की गिरफ्तारी इस मामले में दूसरी हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है। आप सांसद संजय सिंह को शराब घोटाला मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया गया है।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली शराब घोटाला मामले में संजय सिंह की गिरफ्तारी पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इस जांच में ईडी और सीबीआई ने पिछले 15 महीनों से 500 से ज्यादा अधिकारियों को तैनात किया है। इन अधिकारियों ने हजारों जगहों पर छापेमारी की है। लेकिन उन्हें किसी भी भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला।

आगे कहा कि वे अदालत में कोई सबूत पेश नहीं कर पाए। उन्होंने मनीष सिसोदिया के कार्यालय और आवास पर छापा मारा। उन्हें वहां भी कुछ नहीं मिला। लेकिन बीजेपी को किसी सबूत की जरूरत नहीं है। बिना किसी सबूत के मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार किया गया और अब वही कहानी संजय सिंह के साथ दोहराई जा रही है।

## बेचारे मोदी को क्यों दोष देते हो

श्रीकंचनपथ




एक ऐसा आदमी, जिसके कंधे पर न केवल देश का भार है बल्कि पार्टी के पार्षदों तक को जिताने तक की जिम्मेदारी है, उससे ज्यादा उम्मीदें पालना, सरासर ज्यादती है। जिसे भी ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री अपनी सोच और समझ का उपयोग कर पाते हैं, उसे सिर्फ और सिर्फ नादान ही कहा जा सकता है। अन्यान्य पदाधिकारियों की तरह प्रधानमंत्री भी पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं। जैसा पार्टी चाहेगी, उन्हें वैसा ही करना पड़ेगा। वे पार्टी के विक्रमादित्य हो सकते हैं पर पार्टी की पीठ पर बैताल लटका हुआ है। फिर क्यों कांग्रेस को लग रहा था कि वे नगरनार संयंत्र को लेकर अपना रुख बदलेंगे? कांग्रेस को क्यों लग रहा था कि धान खरीदी और वनोपज खरीदी को लेकर वो कांग्रेस सरकार की पीठ ठोंकेंगे। यह चुनाव की बेला है। इस समय विरोधी दल की तारीफ नहीं की जाती। ऐसा करना परम्परा और परिपाटी के खिलाफ होता है। यह वक्त सच बोलने का नहीं बल्कि राजनीति करने का है। भाजपा को फर्श से अर्श तक पहुंचाने वाले लालकृष्ण आडवाणी कभी संघ की भी नाक हुआ करते थे। पर उनसे एक गलती हो गई। उन्होंने जिन्ना की तारीफ कर दी। उन दिनों वो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इसकी सजा उन्हें भुगतनी पड़ी। वे पीएम इन वेटिंग ही रह गए। उन्हें मार्गदर्शक मंडल में भेज दिया गया। इस मार्गदर्शक का मतलब रास्ता दिखाने वाला नहीं बल्कि रास्ते के किनारे खड़े होकर नेताओं के काफिले को झंडा दिखाने वाला होता है। उनकी इस गलती की सजा आज भी पूरा सिंधी समाज झेल रहा है। विभाजन में सबसे ज्यादा नुकसान सिंध प्रांत के लोगों का हुआ था। उनका पूरा का पूरा प्रांत पाकिस्तान में चला गया। बुरी तरह से लुट-पिट कर वे भारत आए थे। पर अपनी मेहनत और जिजीविषा के दम पर उन्होंने स्वयं को पुनः स्थापित किया और अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बनकर उभरे। इसलिए जब एक पार्टी पाकिस्तान और इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ उठ खड़ी हुई तो वे स्वाभाविक रूप से उसके साथ हो गए। पर अब जाकर उनका भी भ्रम टूट रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की दूसरी सूची के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीचंद सुंदरानी को कहना पड़ा कि समाज अपना काम करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता हैं और जैसा पार्टी का निर्देश होगा, वो वैसा ही करेंगे। दरअसल, चोट समाज के दिल पर लगी है। 2019 में सिंधी समाज ने अहमदाबाद में एक रैली निकाली थी। इसमें देश भर से समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। समाज प्रमुखों ने तब कहा था कि सिंधी समाज को राजनीति में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला। कहा गया था कि एक अकेला सांसद देश में सिंधी समाज का प्रतिनिधित्व करता है। विधानसभाओं में भी उसका प्रतिनिधित्व बेहद सीमित है। देखना है कि अब छत्तीसगढ़ का सिंधी समाज क्या करता है?



## संपादकीय

# पदकों का कीर्तिमान

एशियाड में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन का जारी रहना सुखद और प्रशंसनीय है। बुधवार को भारत ने एशियाई खेलों में 70 पदक जीतने का अपना रिकॉर्ड तोड़ दिया और अब उसकी पदक-यात्रा नए कीर्तिमान की ओर बढ़ चली है। भारतीय खिलाड़ियों द्वारा किया गया प्रदर्शन आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायी है। जिस प्रकार से विभिन्न खेलों में भारतीयों ने प्रदर्शन किया है, उससे भविष्य के लिए खेल-योजना बनाने में मदद मिलेगी। इसमें कोई शक नहीं कि सीमित संसाधनों और कमजोर खेल-बुनियाद के बावजूद भारतीय खेलों की तस्वीर बदलने लगी है। खेलो इंडिया अभियान को पांच वर्ष ही बीते हैं और उसके नतीजे सतह पर दिखने लगे हैं। जाहिर है, खेल विकास की विशेष योजनाओं व प्रयासों को बल मिलने वाला है। जब किसी बड़ी प्रतियोगिता से देश के लगभग सौ खिलाड़ी पदक लेकर आते हैं, तब यह देश के समाज पर सकारात्मक और स्थायी असर डालने वाली घटना होती है। 19वें एशियाई खेलों का असर भी भारतीय खेल तंत्र पर गहरे पड़ने वाला है। पदकों के कीर्तिमान पर देश के बच्चों और युवाओं की नजर अवश्य जाएगी। एशियाई खेलों में ज्यादातर खिलाड़ियों का प्रदर्शन आशा के अनुरूप ही रहा है। लड़कियों का प्रदर्शन अलग से रेखांकित करने योग्य है। गांव-देहात की लड़कियों ने भी चीन के हांगझोउ में झंडे गाड़ दिए हैं। लंबी दौड़, भाला फेंक, तलवारबाजी, टेबल टेनिस इत्यादि कुछ ऐसे खेल हैं, जिनमें लड़कियों ने भारत के लिए एक नई शुरुआत की है। स्वर्ण पदक जीतने वाली लड़कियों में वह अनु रानी भी शामिल हैं, जो अपने गांव के खेतों में गन्ने को भाला बनाकर फेंका करती थीं। उन्हें जब सुविधा मिली, तो उन्होंने विश्व स्तर पर कमाल कर दिखाया। बिल्कुल जमीन से उठे ऐसे खिलाड़ियों की वीरगाथा जब लोगों की निगाह में आती है, तो पुरुषार्थ के नए लक्ष्य खड़े होते हैं। एक और बात ध्यान रखने की है कि भारत में खेल सुविधाओं की कमी धीरे-धीरे दूर हो रही है, तो अनु रानी और पारुल चौधरी की राह कोई रोक नहीं सकता। पारुल चौधरी तो अपने गांव की टूटी-फूटी सड़क पर भी दौड़ा करती थीं, पर जब परिवार ने प्रोत्साहित किया, तब वह एशियाड में 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण ले आईं। मतलब, खेलों में उत्थान के तीन ही मुख्य आधार हैं, प्रेरणा, प्रोत्साहन और सुविधा, इन्हीं पर भारत को ज्यादा काम करने की जरूरत है। भारतीयों में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून, और न मेहनत में कोई कमी रहती है। इस 19वें एशियाड की विजयगाथाओं का पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी जरूरी है। अभी चार दिन का खेल शेष है, और भी पदक भारत को मिलेंगे, पर तब भी यह सोचना होगा कि क्या हमने पर्याप्त पदक जीते हैं? नई दिल्ली में 1951 में एशियाई खेलों की जब शुरुआत हुई थी, तब भारत का एशिया के स्तर पर शानदार आगाज हुआ था। तब हम कुल 51 पदक जीते थे। बाद में हमारा प्रदर्शन सुधरने के बजाय बिगड़ता गया, ऐसे भी मौके आए, जब हम एशियाड में महज 13 पदक ही जीत पाए। अब जकार्ता 2018 से जो निर्णायक मोड़ आया है और जो बढ़त भारत ने हासिल की है, उसे आगे थमने नहीं देना चाहिए। ध्यान रहे, चीन अकेले ही 165 से भी ज्यादा स्वर्ण जीत चुका है। जापान और दक्षिण कोरिया भी कुल 150-150 पदकों के करीब पहुंच गए हैं। मतलब, आगे हमारा रास्ता लंबा है, हमें ज्यादा तेज चलना होगा।

> "भारतीयों में न तो प्रतिभा कम है, न जुनून, और न मेहनत में कोई कमी रहती है। इस 19वें एशियाड की विजयगाथाओं का पर्याप्त प्रचार-प्रसार भी जरूरी है। अभी चार दिन का खेल शेष है, और भी पदक भारत को मिलेंगे, पर तब भी यह सोचना होगा कि क्या हमने पर्याप्त पदक जीते हैं? नई दिल्ली में 1951 में एशियाई खेलों की जब शुरुआत हुई थी, तब भारत का एशिया के स्तर पर शानदार आगाज हुआ था।

## अर्जेंटीना में बड़बोले नेता से हड़कंप

न जाने क्यों मगर अर्जेंटीना में सब कुछ नकारात्मक ही है। इस देश के पास अकूत प्राकृतिक संसाधन हैं और उन्हें प्रोसेस करने के लिए जरूरी कारखाने भी। मगर फिर भी वह विकास में फिसड्डी है। आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। और हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। मुद्रास्फीति की दर 120 प्रतिशत है, गरीबी बढ़ रही है और देश तेजी से मंदी की गिरफ्त में जा रहा है। जहां अर्थ के क्षेत्र में अर्जेंटीना एक तरह का अपवाद वहीं राजनैतिक दृष्टि से वह दूसरी तरह का अपवाद है। राजनीति, राजनैतिक संस्थाओं और राजनैतिक दलों के मामले में अर्जेंटीना में काफी स्थिरता है। या कम से कम अब तक थी। पिछले कुछ समय से इतालवी मूल के दक्षिणपंथी नेता खावीएर मिलेई ने देश के राजनैतिक नेरेटिव में हड़कंप मचा रखा है। उन्होंने इस साल गर्मियों में हुए देश के प्रायमरी चुनाव में जीत हासिल की और राष्ट्रपति पद की दौड़ में वे सबसे आगे नजर आ रहे हैं। वे मानते हैं कि देश का आर्थिक मॉडल, जो अर्थव्यवस्था में राज्य के हस्तक्षेप और जनकल्याणकारी नीतियों पर आधारित है, असफल हो गया है और वे इसे दुरूस्त करेंगे। वे अपने आपको बब्बर शेर कहते हैं और अगस्त में प्रायमरी जीतने के बाद उन्होंने दहाड़ते हुए कहा था ''मैं इस रास्ता भटकी हुई दुनिया का राजा हूं।

खावीएर मिलेई स्वयं को राजनीति में बाहरी व्यक्ति बताते हैं। वे कंसलटेंट और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में काम कर चुके हैं। उनका वायदा है कि वे देश को ऐसे परजीवी और अपराधी प्रवृति के राजनीतिज्ञों से मुक्ति दिलाएंगे जो किसी काम के नहीं हैं देश को डुबोने पर आमादा हैं। और उन्हें जनता का प्यार मिल रहा है। अर्जेंटीना में पिछले दो दशकों में ज्यादातर समय वामपंथी शासन रहा है। पिछली बार 'टुगेदर फार चेंज' -जो एक मध्य दक्षिणपंथी गठबंधन था- का शासन सन् 2015 से 2019 तक रहा, जिसके अंत में देश संकट में फंस गया। रैलियों में उनके समर्थक नारा लगाते हैं ''इन सब से हमें छुटकारा दिलवाओ।

इसमें कोई संदेह नहीं कि अर्जेंटीना डूब रहा है। वेनेजुएला, ज़िम्बाब्वे और लेबनान के बाद सबसे अधिक मुद्रास्फीति अर्जेंटीना में है। सन् 2018 में देश ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 57 अरब डालर का ऋण लिया। कोष इसमें से जब 44 अरब डालर दे चुका था तब यह स्पष्ट हो गया कि अर्जेंटीना कर्ज चुका नहीं सकेगा। तब सन् 2022 में ऋण की शर्तें दुबारा तय की गईं। कोष ने अर्जेंटीना से कहा कि वह अपने प्राथमिक घाटे को कम करे, अपने केन्द्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाए और बजट घाटे की पूर्ति के लिए केन्द्रीय बैंक द्वारा छापी जाने वाली मुद्रा की मात्रा में कमी लाए। लेकिन अर्जेन्टीना इन लक्ष्यों को हासिल करने में असफल रहा। भीषण सूखे के चलते निर्यात में भी बहुत गिरावट आई है।

इन आर्थिक समस्याओं का मुकाबला करने के लिए खावीएर मिलेई ने खर्चे कम करने की एक योजना प्रस्तावित की है जिसके अंतर्गत वे वर्तमान 18 मंत्रालयों में से 10 (जिनमें शिक्षा मंत्रालय भी है) को खत्म करना चाहते हैं। खर्च में जीडीपी के 15 प्रतिशत के बराबर की कमी करने और पूंजी संबंधी बंदिशों को उठाना भी उनकी योजना में शामिल है। वे विदेशी व्यापार के लिए देश के दरवाजों को और खोलने तथा घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों के निजीकरण के भी पक्षधर हैं। वे पेसो के बजाए डालर को देश की मुद्रा बनाना चाहते हैं। और उनके सिर्फ आर्थिक विचार ही क्रन्तिकारी नहीं है बल्कि बात इससे भी आगे तक जाती है। उन्होंने गर्भपात पर पाबंदी लगाने, अर्जेंटीना की जनता पर बंदूकें रखने संबंधी सभी नियम-कानूनों को हटाने और मानव अंगों के व्यापार को कानूनी दर्जा देने का वायदा किया है। वे क्लाइमेट चेंज को एक समाजवादी झूठ बताते हैं। उनका कहना है कि पोप ''शैतान के दूत हैं, स्त्रियों के प्रति द्वेष रखते हैं और चर्चा में बने रहने के लिए अजीबोगरीब बातें करते हैं।

> "कोविड-19 महामारी को अब आधिकारिक तौर पर समाप्त घोषित कर दिया गया है और उसके टीकों का उस पैमाने पर उपयोग होने की संभावना नहीं है, जिस स्तर पर इनका इस्तेमाल महामारी के दौरान किया गया था। ऐसे में, एम-आरएनए आधारित वैक्सीन को क्या चीज विशिष्ट और पुरस्कार योग्य बनाती है?

# हम वैक्सीन के हवाले हो जाएंगे

चंद्रकांत लहारिया, जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ

वैश्विक स्तर पर बहुत खास रहा 2 अक्टूबर, 2023 का दिन। सबसे पहले, दो वैज्ञानिकों कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को एम-आरएनए आधारित कोविड-19 टीकों पर अनुसंधान के लिए चिकित्सा और शरीर विज्ञान के लिए नोबेल सम्मान देने की घोषणा हुई। दूसरा, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक नई मलेरिया वैक्सीन आर21/ मैट्रिक्स-एम की अनुशंसा दी। इस मलेरिया वैक्सीन का गहरा भारतीय ताल्लुक भी है।

इसमें कोई संदेह नहीं, टीके सिद्ध जीवनरक्षक उपाय हैं, हर साल टीके लाखों इंसानों की जान बचाते हैं। गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने से बचाते हैं। यदि दुनिया कोविड-19 महामारी से बाहर आ गई है, तो इसका बड़ा श्रेय कोविड-19 के टीकों को जाता है। टीके विकसित करना कठिन है और टीका विकास के लिए नोबेल पुरस्कार मिले, ऐसा कम ही होता है। इससे पहले, वैक्सीन अनुसंधान के लिए नोबेल पुरस्कार 1951 में मैक्स थीलर को येलो फीवर के टीके के विकास के लिए दिया गया था।

हालांकि, एक बात और है। हम अक्सर सुनते हैं कि एम-आरएनए आधारित टीके 10 महीने से कम समय में विकसित किए गए। मगर यह आंशिक रूप से ही सच है। दो वैक्सीन शोधकर्ताओं को मिला नोबेल उनकी तीन दशकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है। एम-आरएनए आधारित टीकों के विकास की शुरुआत लगभग तीन दशक पहले हुई थी। जिन कार्यों के लिए दो शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया है, उनका एक महत्वपूर्ण शोध पत्र साल 2005 में छपा था, जिसके बाद से ही ये टीकों की खोज से जुड़े हैं।




खैर, कोविड-19 महामारी को अब आधिकारिक तौर पर समाप्त घोषित कर दिया गया है और उसके टीकों का उस पैमाने पर उपयोग होने की संभावना नहीं है, जिस स्तर पर इनका इस्तेमाल महामारी के दौरान किया गया था। ऐसे में, एम-आरएनए आधारित वैक्सीन को क्या चीज विशिष्ट और पुरस्कार योग्य बनाती है? जवाब यह है कि इस पद्धति पर बने टीके भविष्य में तपेदिक, डेंगू, पैर व मुंह की बीमारी, जीका और निपाह वायरस आदि सहित अन्य टीकों व उपचार के विकास की संभावना वाली खिड़की खोलते हैं। इन टीकों को बनाने की पद्धति हमें यह अवसर प्रदान करती है कि कम से कम समय में हम टीकों में जरूरत के हिसाब से बदलाव कर सकते हैं। ऐसा एम-आरएनए टीकों के अलावा अन्य टीकों में संभव नहीं है। अत: ऐसे टीकों का विकास किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैसे, भारत में एम-आरएनए टीकों का उपयोग नहीं हुआ है, क्योंकि जब तक इस पद्धति से टीके भारत में बने, अधिकांश भारतीयों को कोरोना रोधी अन्य टीके लगाए जा चुके थे।

इस सप्ताह की दूसरी बड़ी खबर, मलेरिया के दूसरे टीके को मिली मान्यता है। मलेरिया एशिया और अफ्रीका महाद्वीपों के कई देशों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। दुनिया में अनुमानत: हर साल छह लाख से ज्यादा लोग मलेरिया की वजह से मारे जाते हैं। फिर भी, 2021 तक मलेरिया का कोई सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं था। 2021 के अंत में मलेरिया के पहले टीके को मंजूरी दी गई, जो अफ्रीका में बच्चों के लिए उपलब्ध हो गया है। हालांकि, वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन की उत्पादन क्षमता 1.80 करोड़ खुराक प्रतिवर्ष तक सीमित है। अफ्रीका के करीब 28 देशों को इस वैक्सीन की जरूरत है, मगर पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाती है। ध्यान रहे, नए मलेरिया टीके की 10 करोड़ से 20 करोड़ खुराक प्रतिवर्ष बनाई जा सकती है। जाहिर है, नए टीके आने पर अफ्रीका ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों में भी अब लाखों लोगों की जान बचेगी। नए लाइसेंस प्राप्त टीके का निर्माण भारतीय कंपनी द्वारा किया जाएगा, जो यह भी सुनिश्चित करता है कि दुनिया में मलेरिया का टीका अन्य टीकों की तुलना में कम कीमत पर उपलब्ध होगा। भारत के लिए यह बहुत सकारात्मक बात है। टीका-निर्माता देश के रूप में भारत की छवि और निखरेगी। ये दो घटनाक्रम फिर याद दिलाते हैं कि दुनिया को अन्य बीमारियों के खिलाफ भी टीकों की जरूरत है। साथ ही, टीका अनुसंधान व विकास में ज्यादा निवेश करने की जरूरत है। ध्यान रहे, दवा क्षेत्र में आज का अनुसंधान निवेश कुछ दशक बाद ही परिणाम देता है।

आज हमें टीकों का जश्न जरूर मनाना चाहिए। चार दशक पहले के बच्चों की तुलना में आज के बच्चों को कई बीमारियों का खतरा बहुत कम है। भारत में शिशुओं-बच्चों को ही 12 से ज्यादा टीके लगाए जाते हैं। साल 2007 की शुरुआत तक केवल छह एंटीजन राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा हुआ करते थे। फिर भी, एक चुनौती बाकी है। पहले से प्रमाणित एवं उपलब्ध टीकों का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जैसे, कुछ दिनों पहले दिल्ली के कुछ इलाकों में खसरा फैलने की रिपोर्टें आई थीं। यह टीकों के जरूरतमंद बच्चों तक न पहुंचने का संकेत है। इसी तरह, कई गैर-कोविड टीके किशोरों और वयस्क आबादी को लाभ पहुंचा सकते हैं और बुजुर्गों को स्वस्थ रख सकते हैं, पर भारत में वयस्क टीकाकरण कवरेज बहुत कम है।

हमारे जीवन में टीकों का महत्व तो बढ़ता ही जाएगा। लगभग हर बीमारी के लिए टीके संभव हो जाएंगे, पर ध्यान रहे, अभी भी लोगों में टीकों को लेकर कई भ्रांतियां हैं। अनेक लोग टीकों से डरते हैं। अधिक टीके एक अच्छी खबर है। टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं और भविष्य में होने वाली बीमारियों से हमें बचाते हैं। टीकों का बढ़ना चिंता की नहीं, खुशी की बात है। टीकों के जरिये बीमारियों को फैलने से रोका जा सकता है। आज की दुनिया में वैक्सीन अनुसंधान एक ऐसा क्षेत्र है, जहां देशों के बीच अधिक और किफायती वैक्सीन बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा होनी चाहिए।

जहां तक भारत की बात है, उम्मीद है, अगर नई तकनीकी से तपेदिक के खिलाफ नया टीका आता है, जो तपेदिक रोग को खत्म करने में भारत और दुनिया की मदद करेगा। तपेदिक की वजह से साल 2021 में दुनिया में 16 लाख लोगों की जान गई थी। टीके लंबी अवधि तक बीमारियों को रोकने में जो उपलब्धि हासिल करते हैं, वह कोई अन्य हस्तक्षेप नहीं कर पाता। टीके आधुनिक दौर का वरदान हैं। यकीन मानिए, यह वैक्सीन के अच्छे दौर की शुरुआत भर है। हम इंसान टीकों के हवाले होकर ज्यादा सेहतमंद होने वाले हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कनाडा को भारतीय हितों का ख्याल रखना ही होगा

कंवल सिब्बल, पूर्व विदेश सचिव

भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों में यह ठहराव का दौर है। खबर है, नई दिल्ली ने ओटावा को एक सप्ताह के भीतर अपने 41 राजनयिकों को वापस बुलाने को कहा है। यह वास्तव में उसी कथन का प्रतिफल है, जब कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अपनी संसद में दिए गए भारत-विरोधी बयान के बाद विदेश मंत्रालय के हमारे प्रवक्ता ने कहा था कि कनाडा अपने उतने ही राजनयिक नई दिल्ली में रखे, जितने भारत ओटावा में रखता है। हालांकि, तब उन्होंने इसकी कोई मीयाद नहीं बताई थी और आज भी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं आया है, पर मीडिया खबरें 10 अक्टूबर की समय-सीमा बता रही है, जिससे पता चलता है कि सरकार अपने सख्त रुख पर कायम है। किसी राजनयिक को वापस अपने मुल्क भेजना एक बड़ी घटना मानी जाती है, इस लिहाज से राजनयिकों को वापस बुलाने की बात कहकर नई दिल्ली ने कनाडा को अपना चेहरा बचाने का एक मौका दिया है, क्योंकि हम उनको निष्कासित नहीं कर रहे। हम चाहते हैं कि कनाडा खुद वह कदम उठाए, जो हमें पसंद है। अगर वह ऐसा नहीं करेगा, तो हम सख्ती दिखाने को बाध्य हो सकते हैं। यह पूरा प्रकरण भारत और कनाडा ही नहीं, अन्य देशों को भी प्रभावित कर रहा है। विशेषकर जी-7 के देशों के सामने दुविधा की स्थिति पैदा हो गई है। कनाडा इस समूह का ही नहीं, बल्कि नाटो का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिका के साथ भी उसके घनिष्ठ संबंध हैं। इसीलिए, प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत-विरोधी रुख अपनाकर अमेरिका जैसे पश्चिमी देशों के सामने धर्मसंकट खड़ा कर दिया है। ये देश कनाडा को अपने से दूर भी नहीं कर सकते और न सामरिक साझेदार होने के कारण भारत की अनदेखी करना उनके लिए संभव है। यह स्थिति तब है, जब यूक्रेन मुद्दे पर हमारे रुख ने पश्चिमी देशों



को नाराज किया है। असल में, भारत को जितनी जरूरत पश्चिम की है, उतनी ही उनको हमारी।

इस पूरे प्रकरण में भारत का रुतबा बढ़ता हुआ दिख रहा है। कनाडा के खिलाफ रूस व चीन जैसे मुल्क तो हैं ही, विकासशील देश व ग्लोबल साउथ के राष्ट्र भी उसकी नीतियों को पसंद नहीं करते। जी-7 के देश वैश्विक एजेंडा अथवा अर्थव्यवस्था का इस्तेमाल अपने हित में करते हैं, इसलिए कनाडा के खिलाफ भारत का मजबूती से खड़ा होना कई देशों को भा रहा होगा।

यह सच है कि कनाडा व भारत का रिश्ता आगे बढ़ रहा था। विशेषकर 2006 से 2015 के दौरान, जब स्टीफन हार्पर के पास ओटावा की कमान थी, दोनों देशों में परमाणु जैसे अहम मसलों पर समझौते हुए थे। निवेश भी काफी ज्यादा होने लगा था। मगर जस्टिन ट्रूडो के सत्ता में आते ही इस दोस्ती को नजर लग गई। इसकी एक बड़ी वजह थी, ट्रूडो सरकार की खालिस्तानियों पर निर्भरता। इससे भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों में खटास आने लगी। आज कुछ देश जान-बूझकर खालिस्तानियों को बढ़ावा रहे हैं।

कनाडा में तो घरेलू राजनीति के कारण ट्रुडो खालिस्तानियों की हिमायत में बोलते दिख रहे, लेकिन ब्रिटेन में यह इसलिए हो रहा है, क्योंकि इसकी मूल जड़ वहीं है। ब्रिटेन खालिस्तानियों को दशकों से समर्थन देता रहा है। ऐसा हिंदू और सिख को बांटने की नीति के तहत किया गया था। बेशक, सभी सिख खालिस्तानी नहीं है, लेकिन जो चंद हैं, उन्हें ब्रिटिश या कनाडाई हुकूमत इसलिए बढ़ाने का काम करती है, ताकि उनके बहाने भारत पर दबाव बनाया जा सके। मगर नई दिल्ली अब इन सबसे निपटना जान गई है। सवाल है, अब भारत को क्या करना चाहिए? कनाडा यदि शांत बैठ जाता है, तो मामला यहीं थम जाएगा, लेकिन यदि यह और गरमाया, तो भारत चंडीगढ़ स्थित कनाडा का वाणिज्य दूतावास बंद कर सकता है। यहां से बहुत सी शरारतें होने की आशंका है, क्योंकि कनाडा में शरण मांगने की बात हो या वीजा की, यह दूतावास काफी सक्रिय रहता है। इसके बाद, जिन खालिस्तानी आतंकियों की पहचान हो चुकी है, उनका ओसीआई कार्ड (विदेश की नागरिकता ले चुके भारतवंशियों को दिया जाने वाले विशेष कार्ड) रद्द कर देना चाहिए। ऐसे कदम आतंक के खिलाफ जंग में भारत के नरम न पड़ने की भी मुनादी करेंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# भ्रामक कोलाहल से बिगड़ते भारत-कनाडा रिश्ते

जी. पार्थसारथी

भारतीय भूमि पर तथाकथित खालिस्तान के प्रति कोई समर्थन न होने और दुनियाभर में फैले सिखों की बड़ी संख्या द्वारा धार्मिक आधार पर अलगाववाद को खारिज करने के बावजूद कनाडा में आतंकी हिंसा और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले फले-फूले हैं। वहां बसे सिखों का अतिवादी छोटा वर्ग इसको हवा देता है। काफी कम संख्या में इस किस्म के तत्व ब्रिटेन में भी हैं और इनसे भी कम गिनती में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हैं। हालांकि कनाडा अकेला देश नहीं है, जहां बसे विदेशी मूल के आतंकी पंजाब और भारत में अन्य जगह पर गड़बड़ के लिए मदद, वित्तीय सहायता या दिशा निर्देश देते हैं। लगातार ऐसे प्रसंग होते आए हैं, जब इस किस्म के अतिवादी अवैध रूप से पाकिस्तानी सीमा के रास्ते भारत में घुसकर आतंकी हमले करते हैं। विदेशों में रह रहे खालिस्तानियों की कार्यप्रणाली यह है कि ज्यादा चढ़ावे वाले अधिक से अधिक गुरुद्वारों का नियंत्रण अपने हाथ में किया जाए और इस तरह धन एवं स्थान का इस्तेमाल कट्टरता को बढ़ावा देने वाले अड्डे की तरह किया जाए। वे श्रद्धालुओं से एकत्रित दान का उपयोग विदेशों में चरमपंथी गतिविधियां चलाने में करते हैं। वे अपने हितैषी उम्मीदवार और दल को जीतने में मदद के वास्ते स्थानीय राजनीतिज्ञों और पार्टियों को खुलकर धन देकर सहायता करते हैं। कनाडा इस तरह की गतिविधियों का मूल केंद्र बना हुआ है।

कुछ यूरोपियन शहरों में मुट्ठीभर सिख प्रदर्शनों में हिस्सा लेते हैं किंतु कनाडा में हालात एकदम अलहदा हैं, जहां भारत की सुरक्षा को चोट पहुंचाने को दृढ़ संकल्प लोगों को प्रचुर धन मुहैया है। इससे अधिक गंभीर है, कि पाकिस्तान स्थित सबसे पवित्र सिख गुरुधामों की तीर्थ यात्रा पर गए भारतीय यात्रियों को बरगलाना एक आम हरकत है। जब कभी वे लाहौर के डेरा साहिब गुरुद्वारा, जहां पर मुगल बादशाह जहांगीर के राज में पांचवें गुरु अर्जन देव को शहीद किया गया था या फिर गुरु नानक देव के जन्म स्थान ननकाना साहिब गुरुद्वारे जाते हैं, तो कट्टरपंथी उन्हें भारत के विरुद्ध प्रचार से उकसाने का प्रयास करते हैं। ननकाना साहिब जाने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या ज्यादा है। आजादी के बाद तीन दशकों तक यह गुरुद्वारे पाकिस्तान की उपेक्षा का शिकार रहे, लेकिन घाघ और दोहरे चरित्र वाले जनरल जिया उल हक ने पाकिस्तान में इन गुरुधामों का इस्तेमाल भारत से गए श्रद्धालुओं को भड़काने में किया जाना तय किया। जनरल जिया द्वारा यह प्रोपेगेंडा फैलाया गया कि सिख और इस्लाम धर्म के सिद्धांतों में बहुत समानता है, जो कि हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म के सिद्धांत से बेमेल है। जबकि भारत से गए सभी सिख



भली-भांति जानते हैं कि यह विचार बेतुका है।

पाकिस्तान के दुष्प्रचार का निशाना अब मुख्यत: अमेरिका, यूके, कनाडा और भारतीय सिख तीर्थ यात्रियों पर है। पाकिस्तानी सेना और आईएसआई, जो मुख्य रूप से यह नकारात्मक मुहिम चलाते हैं, इनकी मंशा है कि अलगाववाद की भावना और भारत के प्रति नफरत को हवा देने वाली झूठी कहानियां लगातार फैलती रहें। लाहौर के डेरा साहिब गुरुद्वारे के चारों तरफ आईएसआई प्रदत्त खालिस्तानी झंडे फहराने का यह लेखक चश्मदीद गवाह है। यह सारी प्रक्रिया सिख यात्रियों को भरमाने के वास्ते है। यह मंज़र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 'लाहौर मैत्री यात्रा' के वक्त भी जारी रहा। इन हरकतों को अन्यों के अलावा पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की शह भी प्राप्त थी, जो ऊपर से दोस्ती और सौहार्द्र की बातों का दिखावा करते थे, इस तरह वे भारतीयों के एक बड़े वर्ग को गुमराह करते रहे कि वाकई भारत से मित्रता और सहयोग बनाने के तगड़े पैरोकार हैं। यह बात पूर्वाग्रही सोच रखने वाले कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से बरतते वक्त सदा याद रहे। ट्रूडो को दो टूक यह बताने की जरूरत है कि वहां के सिख समुदाय की वोट पाने की चाहत में, उनकी कुल संख्या में बहुत कम गिनती रखने वाले उस वर्ग से गर्मजोशी दिखाकर वे भारत के लिए गंभीर समस्या खड़ी कर रहे हैं, जो भारत में खालिस्तान बनाने की पाकिस्तान के मंसूबों को बल देने में यकीन रखता है।

पाकिस्तान भारत में जिहादियों के अभियानों की मदद करे, यह अपेक्षित है, लेकिन इन करतूतों से उसका आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत नुकसान हुआ है। वर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और 1968-84 तक कनाडा के प्रधानमंत्री रहे उनके पिता पियरे ट्रूडो का खालिस्तानी आतंकियों से गलबहियां डालने का अजब कृत्य एक झटका है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों के प्रति स्नेह रखना ट्रूडो पिता-पुत्र का कुख्यात इतिहास है। कनाडा के प्रतिष्ठित पत्रकार टैरी मिलवेस्की की लिखी और हाल में प्रकाशित किताब 'ब्लड फॉर ब्लड' में ट्रूडो की दोनों पीढ़ियों की कारस्तानियों का विस्तार से जिक्र है, जब वे कहते हैं : यह पियरे ट्रूडो की सरकार थी, जिसने 1982 में तलविंदर सिंह परमार के प्रत्यर्पण करने की भारतीय मांग को इस अजीबोगरीब आधार पर ठुकरा दिया था कि भारत कॉमनवेल्थ संघ की मल्लिका एलिजाबेथ वाली व्यवस्था से बाहर नहीं है'। जाहिर है यह करते वक्त बड़े ट्रूडो भूल गए कि भारत कनाडा की तरह न होकर, एक गणतंत्र है, जो अपना राष्ट्राध्यक्ष खुद चुनता है! इससे भी बदतर कि एअर इंडिया फ्लाईट 182 को गिराने, जिसमें 329 यात्री मारे गये थे, का मुख्य साजिशकर्ता और कोई नहीं बल्कि तलविंदर सिंह परमार था, जिसके प्रत्यर्पण की भारतीय मांग को प्रधानमंत्री रहते पियरे ट्रूडो ने खारिज कर दिया था।

जस्टिन ट्रूडो की वोट पाने की जरूरतों के चलते और इस क्रम में कनाडा में अच्छी-खासी संख्या वाले खालिस्तानियों पर निर्भरता के कारण यह उम्मीद लगाना अवास्तविक होगा कि वे उन तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई करेंगे जो घोषित खालिस्तान-समर्थक हैं। उनका व्यवहार अपने पिता से अलग नहीं है, जिनके काम करने के तरीके से 1985 में एअर इंडिया की फ्लाईट 182 गिरी थी। लेकिन कनाडा में महसूस होने लगा है कि भले ही ट्रूडो 2025 तक अपना वर्तमान पंचवर्षीय कार्यकाल पूरा कर लेंगे पर उनकी वह इज्जत नहीं रहेगी, जो पहले थी। इसलिए कनाडा से भारत के रिश्ते जल्द सुधरने वाले नहीं हैं। अगले कुछ समय में भी ट्रूडो की खालिस्तान के प्रति झुकाव रखने वाले अतिवादियों पर निर्भरता कायम रहेगी।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### कलेक्टर ने ली स्कूल प्राचार्यो की बैठक, कक्षा 10 वी और 12 वी के बेहतर परीक्षा परिणाम पर जोर

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयको की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं में के रिजल्ट को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार किया। गया पूरे जिले के प्राचार्य को सत्र 2023- 24 में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम कम से कम 90त्न एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम कम से कम 95त्न लाने के लिए रणनीति बनाकर लक्ष्य दिया गया। स्कूलों के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन के अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण हो इसके लिए निर्देश दिया गया। स्कूलों में शाला अनुदान की राशि जारी की गई है । मरम्मत के पश्चात सभी स्कूल आकर्षक और साफसुथरा दिखे यह सुनिश्चित हो। सभी अध्यापन कक्ष में पंखे अनिवार्य लगे होने चाहिए एवं आवश्यक सामग्री नियमानुसार क्रय करने का निर्देश दिया गया। मॉनिटरिंग में कसावट लाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। बैठक में उत्कृष्ट गरियाबंद के नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला एपीसी सहायक नोडल अधिकारी एवं शिव साहू ने जिला जशपुर, कांकेर, गरियाबंद में चलाए जा रहे योजनाओं के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न निर्माण कर प्रति सप्ताह मूल्यांकन करने से, तिमाही, छमाही परीक्षा को बोर्ड पैटर्न में प्रश्न पत्र निर्माण कर बच्चों से हल करने से एवं विगत 5 -10 वर्षों के अनसोल्वड पेपर को अच्छे से अभ्यास करने से रिजल्ट में सुधार जरूर होगा। सभी शिक्षक यदि ठान ले कि हमको बेहतर से बेहतर रिजल्ट देना है तो कोई बड़ी बात नहीं है। सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के साथ-साथ बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थित पर विशेष ध्यान देना शामिल था।

### आयुष्मान भव : अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले के ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन कर उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं तथा आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, सिकलसेल एनीमिया, अंगदान, रक्तदान, टी.बी., कुष्ठ, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई साथ ही अंगदान तथा तम्बाकू मुक्त जिला हेतु शपथ दिलाया गया। अंगदान के इच्छुक व्यक्ति अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रो में जाकर जानकारी प्राप्त कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है साथ ही नोटो की साइट पर जाकर अंगदान हेतु स्वयं रजिस्ट्रेशन करा सकते है। जिले में विगत 17 सितंबर से आयुष्मान भव: अभियान चलाया जा रहा है, इस दौरान जिले के मेडिकल कॉलेज, सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तथा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। उनका बी.पी. शुगर की जॉंच की जा रही है। साथ ही आवश्यकता अनुरूप मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थाओं मे रेफर किया जा रहा है। इसी तरह जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जॉंच एवं उपचार एवं उन्हें स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड बनाया जा रहा है। मेले में उपस्थित लोगों को अंगदान, रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया तथा अंगदान हेतु शपथ दिलाई गई।

# किसान, गरीब, मजदूर सहित सभी वर्ग के लोगों की भलाई और उत्थान के लिए कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार - खड़गे

## भरोसे का सम्मेलन - कोड़ातराई में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत 3088 हितग्राहियों को सहायता राशि व सामग्री का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने रायगढ़ जिले के ग्राम कोड़ातराई में आयोजित 'भरोसे का सम्मेलन' को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में चारों तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। यहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लोगों की भलाई के लिए सतत रूप से जनहितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सम्मेलन में लोगों की जुटी अपार भीड़ और उनमें सरकार के प्रति विश्वास से साफ जाहिर हो रहा है कि यह सम्मेलन सिर्फ भरोसे का सम्मेलन ही नहीं, बल्कि यह भरोसे का अनुष्ठान सम्मेलन है। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जोहार जय छत्तीसगढ़ महतारी के नमन के साथ किया। उन्होंने कहा कि ऐसा सम्मेलन शायद देश के किसी कोने में, किसी भाग में नहीं हुआ। ये गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हर जगह भरोसे का सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जो सरकार के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाता है।




नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, युवा तथा वंचित व कमजोर वर्ग सहित बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सबके हित में बखूबी काम हो रहा है। यहां राज्य सरकार ने आम लोगों की जरूरत को समझकर योजनाएं बनाई। इन योजनाओं से लाखों-करोड़ों हाथों को काम मिल रहा है। उन्हें सुगमता से रोजगार उपलब्ध हुए हैं और उनकी आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विपरीत परिस्थितियों में भी छत्तीसगढ़ के विकास का काम कभी नहीं रोका। मैं आप सभी को बधाई देता हूँ। छत्तीसगढ़ में आज चारो तरफ़ विकास हो रहा है। हमारी सरकार लोगों को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गोधन न्याय योजना से लघु उद्योगों को मजबूती मिली है। गांवों में रोजगार बढ़े हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा, सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डायरेक्ट बेनिफिट योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में 1 लाख 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि आम लोगों की जेब में डाले गए हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में विगत 5 सालों में 40 लाख से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जितना कहती है, उससे ज्यादा करती है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले 27 जिले थे, आज 33 जिले हैं, तहसीलों की संख्या भी बढ़ी है। इससे प्रशासनिक काम-काज में सुविधा होने के साथ-साथ लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ तत्परता से पहुंचने लगा है। यहां लोगों की आमदनी बढ़ी है। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने भरोसे का सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ की पावनधरा से आज से 82 विकासखण्डों में जैतखाम की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते में चलने का संदेश बाबा गुरु घासीदास जी का है। सत्य के रास्ते को महात्मा गांधी जी ने भी बताया। सत्य का रास्ता हमारा रास्ता है। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह सभी का उद्देश्य हिंदुस्तान की जनता को ताकतवर बनाने का रहा। इनके बताए मार्ग पर चलकर हमारी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में आम लोगों के जीवन में बेहतरी लाने का कार्य निरंतर हो रहा है। इससे छत्तीसगढ़ के समग्र विकास को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारे सुदूर वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी भाइयों बहनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लघु वनोपज खरीद-बिक्री के लिए सुगम व्यवस्था की। इसके परिणाम स्वरूप आज देश का तीन चौथाई लघुवनोपजों का संग्रहण छत्तीसगढ़ में हो रहा है। जिसका लाभ 12.50 लाख संग्राहकों को मिल रहा है। इसके अलावा संग्राहकों की भलाई के लिए हमने शहीद महेंद्र कर्मा के नाम से बीमा योजना भी शुरू की है। इस तरह ये छत्तीसगढ़ मॉडल है, जिसमें सबसे किया वायदा हम निभाते हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक अनुदान, अंग्रेजी माध्यम में नि:शुल्क शिक्षा देने का वायदा था, हमने दिया। आज छत्तीसगढ़ में किसान, नौजवान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे सभी को मजबूत कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जनता का पैसा जनता तक सही ढंग से उपयोग कर उसे वापस लौटा रही है। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार संसाधनों का उपयोग जनहित में कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गरिमामय उपस्थिति में रायगढ़ जिले के कोड़ातराई में आज भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री खड़गे ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ कोड़ातराई में विभागो द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालो का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओ का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी भी ली गई। साथ ही इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओ के 3088 लाभान्वित हितग्राहियों को 9 करोड़ 8 लाख 35 हजार रूपये की सामग्री व सहायता राशि वितरित की गई। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए।

उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने भरोसे के सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा काम कर रही है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर सांसद दीपक बैज ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे का सम्मेलन है। ये हमारे किसानों, युवाओं के भरोसे का सम्मेलन है। छत्तीसगढ़ की माताओं, बहनों का भरोसे का सम्मेलन जिनके हाथों को काम मिला है। गरीब के बच्चे को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मिल रही है, उस भरोसे का सम्मेलन है। मजबूत स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे का सम्मेलन है।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नंद कुमार साय, विधायक प्रकाश नायक, लालजीत सिंह राठिया, चक्रधर सिंह सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सेनेटरी पेड बनाकर समूह की महिलाएं कमा रही मुनाफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। लोगों की सोच बदलने के लिए विचारों को बदलना पड़ता है, और जब सोच बदल जाती है तो फिर हर वह काम आसान हो जाता है जो आप करना चाहते है, ऐसा ही एक कार्य शुरू किया भारती स्व सहायता समूह की महिलाओं ने, जिसकी आज हर तरफ तारीफ हो रही है। यह महिलाएं सेनेटरी पेड निर्माण करते हुए न केवल आमदनी अर्जित कर रही बल्कि स्कूली छात्राओं, महिलाओं को जागरूक भी कर रही है।



चलिए हम आपको ले चलते हैं पामगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेंड्री, जहां पर भारती स्व सहायता समूह द्वारा 2019 से सेनेटरी पेड का निर्माण कार्य शुरू किया। समूह की अध्यक्ष बताती है कि सेनेटरी पेड निर्माण को लेकर पहले बहुत सी समस्याएं थी, जब भी इसको लेकर गांव में चर्चा करते थे, तो महिलाओं में एक हिचकिचाहट होती थी। इस हिचकिचाहट को कैसे दूर किया जाए इसको लेकर समूह की महिलाओं को शासन के माध्यम से मिले प्रशिक्षण ने और अधिक मजबूत बनाया और जब भी समूह की महिलाएं गांव की महिलाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं से सेनेटरी पेड को लेकर बाद करती तो शुरूआती झिझक के बाद बड़े ही आसानी से उनकी बातों को सुना जाने लगा। धीरे-धीरे उनका सेनेटरी पेड निर्माण का कार्य बढ़ता गया। समूह की अध्यक्ष एवं सचिव बताती है कि उन्हें शासन की छत्तीसगढ महिला कोष की ऋण योजना के तहत परियोजना पामगढ़ के परिक्षेत्र मेंउ के ग्राम पेंड्री के भारती स्व सहायता समूह को आर्थिक रूप से मदद प्राप्त हुई। इस मदद ने उन्हें सशक्त और मजबूत बनाया। फरवरी 2019 में उनके समूह को 30 हजार रूपए का लोन प्राप्त हुआ। जिसमें उनके द्वारा अपनी बचत राशि को मिलाकर सेनेटरी पेड निर्माण के लिए मशीन खरीदी।

भारती स्व सहायता समूह की महिलाओं ने सेनेटरी पेड निर्माण को लेकर अपने जो कदम बढ़ाये उन्हें कभी पीछे नहीं होने दिखा बल्कि दुगुनी तेजी से और आगे बढ़ी। समूह की महिलाएं बताती हैं कि अगर आप कुछ करने का जज्बा रखते हैं तो मंजिल को पाना मुश्किल नहीं होता है और इस मंजिल को पहुंचाने में शासन की योजनाओं को महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

उनके इस कार्य को बढ़ाने के लिए वर्ष 2022-23 में महिला एवं बाल विकास परियोजना के द्वारा की गई अनुशंसा के बाद फिर से 1 लाख रूपए का लोन स्वीकृत किया गया। समूह की महिलाएं बताती हैं कि उनके द्वारा तैयार किये जा रहे सेनेटरी पेड कन्या छात्रावास, स्कूलों व प्राइवेट दुकानों में विक्रय किया जा रहा है, जिससे उन्हें प्रतिमाह 20 हजार रूपए की आमदनी हो रही है, जिससे उनके समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बनी और अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही है। वह कहती हैं कि जब भी उन्हें जरूरत पड़ी शासन की योजनाओं से उन्हें मदद मिली है।

# महापौर ने लॉन घास खेल मैदान का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। महापौर हेमा देशमुख ने शासकीय सर्वेश्वर दास स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव के खेल मैदान में लॉन घास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर निगम चेयरमेन मधुकर बंजारी व राजा तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि खेल मैदान में लॉन घास लग जाने से खिलाडिय़ों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज से यह खेल मैदान आप सभी बच्चों एवं खिलाडिय़ों का है। आप सभी को खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां के साथ मैदान की देखरेख करना है। खेल मैदान में लॉन घास का निर्माण होने से स्कूल की शोभा बढ़ गई है। हम सभी को इसकी स्वच्छता एवं हरियाली को बनाए रखना है। कार्यक्रम को अन्य जनप्रतनिधियों एवं सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर खिलाडिय़ों द्वारा फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसका सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, बच्चों एवं खेल प्रमियों ने आनंद दिया। उल्लेखनीय है कि शहर के म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान का कायाकल्प हो गया है। हरीतिमा से शोभा बढ़ रही है और स्कूल के बच्चों को खेलने एवं अन्य गतिविधियों के लिए उम्दा स्थान मिल रहा है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष प्रबंध कारिणी समिति डोमन सिंह ने जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफसे म्यूनिस्पल स्कूल खेल मैदान में लॉन घास कार्य के लिए 31 लाख 96 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

# सुकमा जिले में ग्रामीणों को मिला तेन्दूपत्ता से 50 करोड़ का फायदा - लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** प्रदेश उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने सीसी रोड और पुल निर्माण का भूमिपूजन समेत देवगुड़ी का उद्घाटन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने नवनिर्मित देवगुड़ी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद आदिवासियों का विकास तेजी से हो रहा है।



धान बेचने वालों का एक एकड़ में 20 क्विंटल की खरीदी होगी। 2640 में धान की खरीदी की जा रही है आने वाले समय में 2840 में धान की खरीदी की जायेगी। वहीं सरकार बनने के बाद 3600 में धान खरीदी किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज स्कूल आश्रम खोलने का काम किया जा रहा है, हॉस्टल के लोगों को पहले 800 रुपये दिया जाता था उसे बढ़ाकर 1500 कर दिया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पहले 6 हजार रुपये मिलता था जिसे बढ़ाकर 10 हजार कर दिया गया है। सुकमा जिले में ही इस बार तेंदुपत्ता से 50 करोड़ का फायदा लोगों को मिला। आज टोरा, ईमली, महुआ की खरीदी की जा रही है। भाजपा शासन में 2 रुपये में महुआ खरीदा जाता रहा और हमारी सरकार बनने के बाद उसे बढ़ाकर 30 रुपये कर दिया गया, जिससे गरीब आदिवासियों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। आज मातागुड़ी मंदिर छिंदगढ़ में भव्य रूप से कार्यक्रम हुआ। देवगुड़ी के निर्माण के लिए 5 लाख की आर्थिक सहायता कांग्रेस सरकार के द्वारा दी जा रही है। उन्होंने कहा गोरली नदी में पुल, कुंदलपारा में पुल और रोकेल से पेदा के बीच पुल का निर्माण प्रस्तावित है। बीजेपी, सीपीआई वाले आप सभी को बहकाने का काम करेंगे लेकिन आपको बहकावे में नहीं आना है। ग्रामीणों के द्वारा सामाजिक भवन बनाने की मांग किया गया जिसे जल्द ही बनवाया जाएगा। इस दौरान माहेश्वरी बघेल, हरीश कवासी, देवली बाई नाग, राजूराम नाग, आसमति यादव, सुकुलू राम नाग, हड़मा मुचाकी, बुधरा मुचाकी, देवाराम, बोटीराम ठाकुर, हितेश मरकाम, लखमा राम मंडावी, अन्नूराम ठाकुर, जगमोहन ठाकुर, देवाराम मंडावी, गंगा मुचाकी, देवा मंडावी, जयपाल चौहान, अशोक चौहान, सोमाराम नाग समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# राजधानी में 48वें निःशुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का शुभारंभ

छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा रायपुर के शंकर नगर स्थित बालाजी उद्यान में 48 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा रहे। योगाभ्यास केन्द्र का संचालन योग प्रशिक्षक प्रदीप साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 06 से 07.30 बजे तक किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते 30 सितंबर को अग्रसेन चौक रायपुर में 47 वें नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केन्द्र का शुभारंभ ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस प्रकार योग आयोग द्वारा राजधानी रायपुर में लगातार नि:शुल्क योगाभ्यास केन्द्र खोले जा रहे हैं, जिनका लाभ आमजनता को मिल रहा है। ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा प्रदेश में आमजनों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए निरन्तर नि:शुल्क नियमित योगाभ्यास केंद्र का प्रारंभ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ पूरे विश्व पहचाना जा सके इसके लिए हम सदैव तत्पर हैं।






कुलदीप जुनेजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग राज्य के आमजनों को शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ रखने का महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वार्ड के पार्षद अमितेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में योग साधकगण उपस्थित रहे।

## खास खबर...



### पर्यवेक्षक के रिक्त पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन 10 अक्टूबर से

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के लिए व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के आधार पर जारी चयन सूची में शामिल अभ्यर्थियों के अभिलेखों एवं दस्तावेजों का सत्यापन 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। सत्यापन का कार्य नवा रायपुर, अटल नगर में इन्द्रावती भवन के ब्लॉक-1, द्वितीय तल स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय के मिटिंग हॉल क्रमांक 02 एवं 04 में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षक के रिक्त 440 पदों पर चयन परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा विगत 27 अगस्त को किया गया था, जिसका परीक्षा परिणाम 20 सितंबर 2023 को जारी किया गया। सभी चयनित अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से व्यापम द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर व्यक्तिगत रूप से पत्र प्रेषित किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, तो ऐसी स्थिति में विभाग के वेबसाईट https://cgwcd.gov.in/recruitment से निर्देश डाउनलोड कर आवश्यक अभिलेख सहित सत्यापन हेतु संचालनालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, नवा रायपुर में उपस्थित हो सकते हैं।

### मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के फार्म अब 31 अक्टूबर तक जमा होंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा-2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 के परीक्षा आवेदन-फार्म अब 31 अक्टूबर 2024 तक जमा होंगे। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि सामान्य शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। समस्त अग्रेषण केन्द्रों में सामान्य शुल्क के साथ अब परीक्षा फार्म 31 अक्टूबर तक जमा किये जा सकेंगे। रायपुर जिले के लिए उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री बाजार रायपुर तथा नूरानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजातालाब रायपुर को अग्रेषण केन्द्र बनाया गया है। विलंब शुल्क 250 रुपए के साथ 08 नवम्बर 2023 तथा विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 16 नवम्बर 2023 तक अग्रेषण केन्द्रों में परीक्षा फार्म जमा किये जा सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा और बस्तर की भाषा-बोली के पाठ्यक्रम को समुदाय आधारित बनाएः राजेश सिंह राणा

## गोंडी भाषा की पाठ्यपुस्तक निर्माण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुरूप राज्य में छत्तीसगढ़ी और आदिवासी क्षेत्रों में बोली जानी वाली आदिवासी भाषा को कक्षा पहली से पांचवीं कक्षा तक के पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल किए जाने हेतु आज दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।




राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में गोंडी भाषा के लिए पाठ्य पुस्तक के निर्माण हेतु इस कार्यशाला का शुभारंभ एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने किया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त संचालक जे.पी. रथ ने की। इस अवसर पर भाषाविद् डॉ. चितरंजन कर और महेंद्र मिश्रा भी उपस्थित थे।

राजेश सिंह राणा ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार बच्चों को उनकी बोली-भाषा पढ़ाये जाने के लिए पाठ्य सामग्री तैयार करना है। यह पाठ्यक्रम ऐसा होना चाहिए जो प्रचलन और बोलचाल में आए। कार्यशाला में गोंडी भाषा-बोली में पाठ्यपुस्तक के लिए विषय सामग्री का चयन और लेखन किया जाना है। गोंडी भाषा की संस्कृति, पुरोधा साहित्यकारों की रचनाओं को पाठ्यक्रम में स्थान देना है। पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोक परंपरा की झलक और क्षेत्रीय अनुभव का भाव दिखना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा और बस्तर की भाषा-बोली के पाठ्यक्रम को समुदाय आधारित बनाए जाने पर जोर दिया।

अतिरिक्त संचालक जयप्रकाश रथ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ भाषा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। यह समुदाय आधारित कार्यशाला है, जिसमें पाठ्यपुस्तक के निर्माण में समाज के विभिन्न सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषणा की गई थी कि जिन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी भाषा बोली जाती है, वहां छत्तीसगढ़ी भाषा और आदिवासी क्षेत्रों में वहां की स्थानीय बोली को कक्षा 1 से 5वीं तक के पाठ्यक्रम में एक विषय के रूप में शामिल किया जाना है। श्री रथ ने कहा कि छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, सादरी, गोंडी, हल्बी और कुडुख इन 6 भाषाओं में कक्षा 1 से 5 वीं कक्षा तक के लिए पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तक तैयार करना है।

विषय-विशेषज्ञ डॉ. चितरंजन कर ने कहा कि बच्चे का संज्ञानात्मक विकास अपनी भाषा में ही होता है। आसपास के व्यक्तियों को जानने की जिज्ञासा उसके मन में रहती है। जो वह जानता है, वही संज्ञान है। अत: हमें उसके भाव को समझना होगा। कार्यशाला को डॉ. महेंद्र मिश्रा ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला का उद्देश्य है कि क्षेत्र में वर्तमान में इन दोनों भाषाओं में हो रही प्राथमिक शिक्षा (पढ़ाई-लिखाई) का परीक्षण करना। उपलब्ध वाचिक एवं लिखित साहित्य, शब्दकोष, प्रचलित या व्यहृत व्याकरण का आंकलन, संग्रहण और मूल्यांकन करना है। साथ ही संभावित पाठ्यवस्तु की आवश्यकता, निर्धारण तथा कक्षा पाठ्यपुस्तक की प्रारंभिक रूपरेखा सुनिश्चित करना। गोंडी भाषा के तीनों प्रकारों- कांकेर, बस्तर और दंतेवाड़ा में समरूपता निर्धारण कर विश्लेषण करना है।

कार्यशाला में उप संचालक पुष्पा किस्पोट्टा, सहायक संचालक प्रशांत पांडेय, सहायक प्राध्यापक डॉ. बी.रघु, डिकेश्वर वर्मा, सुशील राठौर, डॉ. जय भारती चंद्राकर, ललित साहू, प्रीति सिंह, डॉ. सीमा श्रीवास्तव सहित 10 गोंडी भाषा के विशेषज्ञ एवं 10 गोंडी भाषा के शिक्षक सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने किया।

### ध्वनि प्रदूषण की हो प्रभावी रोकथाम

# मुख्य सचिव ने ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर त्वरित कार्यवाही करने के दिये निर्देश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम संबंध में पारित आदेश के पालन में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में वाहनों में तेज आवाज में बजाने वाले डीजेस और एम्पलीफायरर्स पर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य सचिव ने कहा है कि ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का उलंघ्घन करने वालों पर सक्त कार्यवाही की जायें। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी कमिश्नरों, आई.जी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को जनहित में ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य सचिव ने ध्वनि प्रदूषण के प्रभावी रोकथाम के लिए सभी जिलों में लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में डी.जी.पी अशोक जुनेजा मौजूद थे।

ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम के लिए रात्रि 10 बजे के बाद से सुबह 6 बजे तक डीजे बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित हो यह सुनिश्चित होना चाहिए। ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों और ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जब्त किया जाये इस संबंध में सभी जिलों में पुलिस, राजस्व और पर्यावरण विभाग की टीम गठित कर ध्वनि प्रदूषण को रोकने समन्वय से कार्यवाही की जाये। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजो और अस्पतालों के आस-पास ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। वीडियों कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में गृह विभाग के सचिव अरूण देव गौतम, नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव अयाज तम्बोली, आवास एवं पर्यावरण के विशेष सचिव महादेव कावरे और छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल, विधि और विधायी विभाग के अधिकारी सहित सभी सभागायुक्त पुलिस महानिरीक्षक कलेक्टर और पुलिस अधिक्षक शामिल हुये।

### किसानों एवं महिलाओं ने सीखा मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण

# कृषि महाविद्यालय रायपुर में पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पौध रोग विभाग द्वारा अखिल भारतीय समन्वित मशरूम अनुसंधान परियोजना अंतर्गत पांच दिवसीय मशरूम एवं स्पान उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्रों के विषय वस्तु विशेषज्ञ तथा मशरूम उत्पादन करने वाले प्रगतिशील कृषक एवं महिलाएं शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आयोजित विभिन्न तकनीकी सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मशरूम बीज (स्पान) बनाने की तकनीक के विभिन्न चरणों का जीवंत प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य में व्यावसायिक रूप से उगाये जाने वाले मशरूमों जैसे-आयस्टर, पैरा तथा दूधिया मशरूमों की उत्पादन तकनीक का जीवंत प्रदर्शन किया गया तथा मशरूम के प्रसंस्कृत उत्पादों का भी प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने 'स्वयं से करके देखो' पद्धति के माध्यम से मशरूम बीज, मशरूम उत्पादन, मशरूम प्रसंस्करण को पूरी तन्मयता से सीखा। इस अवसर पर मशरूम वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ग्राम तेंदुआ, नवा रायपुर में सफल महिला मशरूम उद्यमी नम्रता यदु द्वारा व्यावसायिक रूप से संचालित मशरूम उत्पादन केन्द्र का भ्रमण भी कराया गया। इस अवसर पर उन्होने प्रशिक्षण के दौरान बताये गये सभी पहलुओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवायें, डॉ. अजय वर्मा, पौध रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए.एस. कोटस्थाने, सह-संचालक अनुसंधान डॉ. धनंजय शर्मा उपस्थित थे। सभी सम्मानीय अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से मशरूम बीज (स्पान) की उपलब्धता को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इसके लिये तकनीकी मार्गदर्शन मशरूम अनुसंधान प्रयोगशाला, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पौध रोग विभाग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन डॉ. एचके सिंह, मशरूम वैज्ञानिक तथा पौध रोग विभाग के अन्य वैज्ञानिकों द्वारा किया गया।

### पॉवर कंपनी में डाटा एंट्री आपरेटर व परिचारक के 785 पदों के लिए होगी भर्ती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में डाटा एंट्री आपरेटर और परिचारक श्रेणी-3 (संयंत्र) के 785 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए भर्ती विज्ञापन जारी कर दिये गए हैं। इस तरह एक महीने में पॉवर कंपनी ने 1200 से अधिक नियमित पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किये हैं। इन सभी पदों के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल परीक्षा लेगा।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने पत्रकार-वार्ता को किया संबोधित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि प्रदेश में निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। आज प्रकाशित सूची के अनुसार राज्य में कुल दो करोड़ तीन लाख 60 हजार 240 मतदाता हैं। इनमें एक करोड़ एक लाख 20 हजार 830 पुरूष मतदाता, एक करोड़ दो लाख 39 हजार 410 महिला मतदाता और 790 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में सात लाख 19 हजार 825 मतदाता बढ़े हैं। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और बिपिन माझी सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी भी पत्रकार-वार्ता में मौजूद थे।




नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# सिर्फ खराब लाइफस्टाइल या थायरॉइड ही नहीं, स्ट्रेस और एंजाइटी भी बढ़ा सकता है मोटापा

बढ़ता वजन और मोटापा सेहत के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है। अगर समय पर इसे कंट्रोल न किया जाए तो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी कई क्रोनिक बीमारियों का रिस्क बढ़ सकता है। मोटापे का प्रमुख कारण खराब लाइफस्टाइल और गड़बड़ खानपान माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्ट्रेस और एंग्जाइटी के कारण भी मोटापा हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि ज्यादा वजन और मोटापे का कारण हम सभी को पता होना चाहिए। आइए जानते हैं मोटापे का कारण और इससे होने वाले नुकसान के बारें में।



## वजन बढ़ा सकता है तनाव

कई अध्ययनों में पता चला है कि ज्यादा तनाव लेने वालों का वजन तेजी से बढ़ सकता है। दरअसल, तनाव लेने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है जो ज्यादा खाने के लिए प्रेरित करता है। इसकी वजह से नींद की समस्या और मेटाबॉलिज्म भी प्रभावित हो सकता है। जिससे पेट की चर्बी और पूरे शरीर का वजन बढ़ सकता है। इसलिए वजन कंट्रोल करना चाहते हैं तो तनाव लेना बंद करना पड़ेगा।

## जेनेटिक्स भी हो सकता है मोटापा

मोटापा जेनेटिक्स भी हो सकता है। मतलब अगर परिवार में कोई मोटापे का शिकार है तो काफी हद तक यह आपमें भी आ सकता है। जीन शरीर में वसा की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। ऐसे में विशेष सावधानी और ख्याल रखने की सलाह दी जाती है।

## कई दवाईयां भी मोटापे का कारण

लाइफस्टाइल, आहार में गड़बड़ी और तनाव ही नहीं कुछ दवाईयां भी वजन बढ़ाने और मोटापा लाने का कारम हो सकती है। एंटीडिप्रेसेंट, स्टेरॉयड, एंटी-सीजर दवाएं, डायबिटीज की दवाईयां या बीटा-ब्लॉकर्स का सेवन करने वालों का वजन काफी हद तक बढ़ सकता है। इसलिए डॉक्टर की सलाह पर ही इन दवाईयों का सेवन करें।

## कुछ बीमारियों की वजह से बढ़ सकता है मोटापा

कई स्वास्थ्य समस्याएं भी वजन बढ़ाने का कारण बन सकती हैं। जैसे- गठिया से पीड़ित लोगों की फिजिकल एक्टिविटीज कम हो जाती है। इस वजह से उनमें मोटापा और वजन बढ़ने की समस्या हो सकती है। इसलिए सेहत का अच्छी तरह ख्याल रखना चाहिए।

# शहद के साथ मिलाकर खाएं ये एक चीज हर तरह की खांसी होगी जड़ से खत्म

हमारे घरों में कई ऐसी चीज होती हैं, जो सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याओं को जड़ से खत्म कर सकती हैं। अब शहद और लौंग को ही ले लीजिए। जिनका सेवन न सिर्फ इम्यूनिटी को मजबूत बना देता है, बल्कि इंफेक्शन और सर्दी-खांसी की छुट्टी कर सकता है। आइए जानते हैं शहद और लौंग से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।



## हर तरह की खांसी की छुट्टी

बदलते मौसम में काली, गीली और सूखी खांसी तेजी से फैलती है। खांस-खांसकर परेशान हो जाते हैं तो लौंग को भूनकर शहद के साथ सेवन करें। इससे खांसी जड़ से खत्म हो सकती है। यह काफी कारगर दवा मानी जाती है।

## गले की खराश खत्म

शहद में कफ को दबाने वाले गुण होते हैं। गले की खिंच-खिंच से परेशान हैं तो उससे राहत दिलाने में यह मदद कर सकता है। लौंग सर्दी-खांसी रोकने में मदद करता है। दोनों का सेवन कई तरह से लाभकारी हो सकता है।

## सर्दी-जुकाम से राहत

शहद के साथ लौंग मिलाकर सेवन करना नेचुरल कफ सिरप का काम करता है। इनमें एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिससे खांसी और सर्दी की समस्या से राहत मिल सकती है।

## पाचन बनाए बेहतर

शहद प्रीबायोटिक और प्रोबायोटिक गुणों वाला माना जाता है। यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में अहम रोल निभाता है। लौंग और शहद को साथ लेने से पेट से जुड़ी बीमारियां दूर हो सकती हैं। इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है।

## वजन कम करने में मददगार

वजन कम करने में लौंग और शहद काफी कारगर माने जाते हैं। यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वेट लॉस में मदद कर सकता है। इसलिए अगर आप मोटापे और वजन की समस्या से परेशान हैं तो लौंग शहद का साथ में सेवन करें।

## मुंह के छालों का अंत

अगर आप मुंह के छालों से परेशान हैं तो लौंग और शहद का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। यह छालों का अंत कर सकता है। लौंग का चूर्ण और शहद के साथ हल्दी मिलाकर छाती पर लेप लगाना चाहिए।

## लिवर के लिए लाभकारी

शहद और लौंग लिवर के लिए जबरदस्त फायदेमंद होते हैं। दोनों का साथ में सेवन करने से लिवर डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है। इससे लिवर हेल्दी बना रहता है। इसलिए लौंग और शहद के सेवन की सलाह दी जाती है।

# करण जौहर ने किया कॉफी विद करण 8 का ऐलान

## डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा प्रसारित

करण जौहर का चैट शो कॉफी विद करण अपने नए सीजन के साथ वापस आ रहा है। करण ने कॉफी विद करण के 8वें सीजन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मजेदार वीडियो साझा करते हुए इस खबर की जानकारी दी है। सामने आए वीडियो में करण खुद को रोस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कॉफी विद करण 8 की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है।



करण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह कॉफी विद करण 8 का ऐलान करते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, पता चला, मेरी अपनी अंतरात्मा भी मुझे ट्रोल करना चाहती है, लेकिन वह क्या सोचता है, इस पर ध्यान न दें, मैं अभी भी कॉफी विद करण का सीजन 8 बना रहा हूं। टीजर में करण के दो वर्जन दिखाए गए हैं, एक करण जो टॉक शो होस्ट है और दूसरा कॉनशियस है। करण खुद को रोस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं।

इस बार, चैट अधिक तीखी, क्रेजी और स्पष्ट होगी जिससे बहुत सारे खुलासे होंगे। इस सीजन में बातचीत शादियों, एयरपोर्ट लुक्स, सोशल मीडिया पर होगी। नए सीजन के बारे में बात करते हुए निर्देशक और शो एंकर करण ने कहा, हम सभी जानते हैं कि आप कॉफी विद करण के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


आपकी इच्छाएं सुनी गई हैं! सीजन 7 से जबरदस्त प्रतिक्रिया और बहुत सारे अनुमानों के बाद, इस सीजन में मैं अपने दोस्तों और आपकी पसंदीदा हस्तियों को कॉफ़ी काउच पर बिना फिल्टर वाली बातचीत के साथ उनके सीक्रेट्स उगलवाऊंगा।

उन्होंने आगे कहा, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर वापस आते हुए, कॉफी विद करण का नया सीजन बेहिचक चैट, कंपीटिटिव रैपिड फायर और बहुत सारी बातचीत से भरा होगा, जो हम सभी को पसंद है! तो इंतजार क्यों करें आइए कॉफी विद करण सीजन 8 बनाएं।

कॉफी विद करण 8 का प्रसारण 26 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा।

# भूमि पेडनेकर की बोल्डनेस ने उड़ाए होश इतनी रिवीलिंग ब्रालेट पहने दिए किलर पोज

भूमि पेडनेकर अपने किलर हॉट लुक के कारण इन दिनों काफी चर्चा में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में हमेशा ही दमदारी अदाकारी से दर्शकों का खूब दिल जीता है। ऐसे में उनकी हर फिल्म के लिए चाहने वाले बेताब रहने लगे हैं। वहीं, एक्ट्रेस की किलर अदाएं भी हर दिन इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं। अब फिर से भूमि ने अपनी अदाओं से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं।



लेटेस्ट फोटोशूट में भूमि ने चेन पर टिकी ब्रालेट के साथ जालीदार पैंट को पेयरअप किया है। एक्ट्रेस ने बहुत बेबाकी से अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट किया है। एक्ट्रेस ने इस लुक को सटल बेस, ग्लॉसी लिप्स और ग्लिटरी स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। वहीं, उन्होंने बालों को ओपन रखा है और कानों में गोल्ड ईयररिंग्स पहने हैं।

भूमि इस लुक में बेहद हॉट और बेबाक दिख रही हैं। फैंस की नजरें उनके किलर लुक पर टिक गई हैं। चाहने वाले उनकी तारीफों के पुल बांधते थक नहीं रहे हैं। खासतौर पर भूमि के कर्वी फिगर ने भी सबका ध्यान खींचा है।

भूमि की आने वाली फिल्मों पर बात करें तो इस समय एक्ट्रेस थैंक्यू फॉर कमिंग को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसके अलावा भूमि भक्षक, द लेडी किलर और मेरी पत्नी के रीमेक पर बन रही फिल्मों को लेकर भी काफी सुर्खियों में हैं। हर फिल्म में भूमि का एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा।

# एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है, लेकिन एक डेली सोप अभिनेता कॉमेडी नहीं कर सकताः सपना सिकरवार



सिटकॉम मे आई कम इन मैडम में कॉमेडी से अपने काम से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सपना सिकरवार शो में कश्मीरा का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है, लेकिन एक डेली सोप अभिनेता को कभी-कभी कॉमेडी भूमिकाएं निभाने में कठिनाई हो सकती है। सपना टेलीविजन पर प्रसिद्ध कॉमेडी शो का हिस्सा रही हैं और अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दौरान आज भी दर्शकों के बीच प्रासंगिक बनी हुई हैं।

हालांकि, ऐसे बहुत कम कलाकार हैं, जो कॉमेडी अभिनेता होने के नाते टाइपकास्ट होने को स्वीकार करते हैं, सपना इस विषय पर प्रकाश डालती हैं। उन्होंने एक डेली सोप और एक कॉमेडी सोप अभिनेता के बीच का अंतर बताया। सपना ने कहा, कॉमेडी करना मुश्किल काम है, हर कोई ऐसा नहीं कर सकता, और मुझे खुशी है कि मुझे उन कुछ महिला कलाकारों में से एक के रूप में जाना जाता है जो कॉमेडी करती हैं। मेरा मानना है कि एक कॉमेडी अभिनेता डेली सोप कर सकता है। लेकिन, एक डेली सोप अभिनेता को कभी-कभी कॉमेडी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने साझा किया, हालांकि, जिन शो का मैं हिस्सा रही हूं, मैंने कभी भी शैली की परवाह नहीं की, लेकिन चूंकि मैंने बहुत सारे कॉमिक शो किए हैं, इसलिए अब कॉमेडी मेरे जीवन का अभिन्न अंग बन गई है।

अभिनेत्री ने आगे कहा, चाहे आप किसी भी शो में हों, शिल्प और चरित्र ही मायने रखता है। मुझे खुशी है कि दर्शक कश्मीरा के रूप में मेरे काम को पसंद करते हैं और वे अब भी मुझे मे आई कम इन मैडम की कश्मीरा के रूप में पहचानते हैं। उन्होंने आगे कहा, इससे मुझे खुशी होती है कि मैं अपने काम और अपने किरदार के जरिए लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती हूं और उन्हें खुशी महसूस कराती हूं। मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देने की कोशिश करती हूं, चाहे वह कोई भी किरदार हो। शो में मैडम संजना के रूप में नेहा पेंडसे और साजन अग्रवाल के रूप में संदीप आनंद भी मुख्य भूमिका में हैं। यह शो स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

# अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज की एडवांस बुकिंग शुरू, कल रिलीज होगी फिल्म

ओह माय गॉड 2 की सफलता के बाद अक्षय कुमार एक बार फिर से फिल्म मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ बनी है। यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इससे पहले मिशन रानीगंज की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस खबर की जानकारी खुद अक्षय ने अपने प्रशंसकों को दी है।

अक्षय ने एक्स हैंडल पर मिशन रानीगंज का प्रोमो वीडियो साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मिशन रानीगंज के लिए 2 दिन। एडवांस बुकिंग खुल चुकी हैं। 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिशन रानीगंज के साथ भारत के सच्चे नायक की कहानी देखें।मिशन रानीगंज का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया है तो वहीं फिल्म की कहानी दीपक किंगरानी और पूनम गिल ने लिखी है। इसकी कहानी इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित है।

मिशन रानीगंज पूर्व एडिशनल चीफ माइनिंग इंजीनियर जसवंत सिंह गिल पर आधारित है, जिन्होंने 1989 में पश्चिम बंगाल कोयला खदान में कई मजदूरों की जान बचाई थी। इस हादसे में मजदूरों का समूह जमीन से 350 फीट नीचे खदान में फंस गया था। उस वक्त जसवंत ने अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला खदान के 65 मजदूरों की जान बचाई थी। उनको इस बहादुरी के लिए भारत सरकार द्वारा सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से नवाजा गया था।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी स्कोर अनुसार राज्य में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सतत् विकास लक्ष्य (स्ष्ठत्र) के संबंधित राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किये गये 'एसडीजी बेसलाईन एण्ड प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2022 छत्तीसगढ़' का विमोचन आज राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा योजना भवन, नवा रायपुर में किया गया। रिपोर्ट अनुसार एसडीजी के विभिन्न लक्ष्यों में राज्य द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है।**



कार्यक्रम में 'एसडीजी बेसलाईन एण्ड प्रोग्रेस रिपोर्ट-2022 छत्तीसगढ़' पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। जानकारी दी गई कि स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क में शामिल 40 इंडिकेटर्स अंतर्गत 2030 का लक्ष्य 2022 में ही हासिल कर लिया गया है। 84 इंडिकेटर्स का 2030 तक का लक्ष्य भी आगामी 2-3 वर्षों में हासिल किया जाना संभावित है।

एसडीजी गोल 1'' से संबंधित इंडिकेटर के उपलब्ध हुये डाटा के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि इस गोल को आंकलित करने वाले संकेतक 'मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी स्कोर' (एमपीआई स्कोर) अनुसार राज्य में 40 लाख लोगो को गरीबी रेखा से ऊपर हुए है। जिसमें राज्य की प्रमुख योजनाएं- राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी, मुख्यमंत्री हाट बाजार, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, पढ़ई तुहर द्वार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एमपीआई स्कोर मूलत: 12 संकेतको का इंडेक्स है, जो कि पोषण, स्वास्थ्य, जीवन स्तर, शिक्षा एवं वित्तीय समावेशन से संबंधित होते है। संकेतक- 'स्वास्थ्य योजना एवं बीमा कवरेज' में भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा है। इसमें राज्य की प्रमुख योजना जैसे-खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री दवापेटी योजना, मुख्यमंत्री बाल श्रवण एवं हृदय योजना, दाई-दीदी एवं महतारी जतन योजना का महत्वपूर्ण योगदान है। 'एसडीजी गोल 2 ' - के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति करने वाले संकेतक 'खाद्य सुरक्षा अधिनियम में शामिल लाभार्थी' में राज्य का प्रदर्शन उल्लेखनीय है, जिसमें राज्य की प्रमुख योजनाएं - अंत्योदय योजना अंतर्गत 1 रूपए में अनाज वितरण, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, आयोडाईज्ड अमृत नमक, चना एवं शक्कर प्रदाय योजना इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संकेतक - 'कृषि में सकल मूल्यवर्धन' में भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा रहा है। इसमें राज्य की प्रमुख योजना जैसे - राजीव गांधी किसान न्याय योजना, कृषि बजट में उत्तरोत्तर वृद्धि, अधिकतम फसलो को न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाना का मुख्य योगदान है।

एसडीजी गोल 4 (क्वालिटी एजुकेशन)' के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति करने वाले संकेतक 'माध्यमिक शिक्षा में ड्रापऑट दर एवं लैंगिक समानता सूचकांक' 'प्रारंभिक शिक्षा सकल नामांकन' 'प्रशिक्षित शिक्षको का अनुपात' में राज्य का प्रदर्शन उल्लेखनीय है जिसमें राज्य की प्रमुख योजनाएं - पढई तुहर द्वार, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल, गणवेश प्रदाय योजना, मध्यान्ह भोजन प्रदाय योजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। 'एसडीजी गोल 5 (लैंगिक समानता)' के अंतर्गत राज्य ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रगति करने वाले प्रमुख संकेतक 'स्थानीय स्व-शासन में महिलाओ का प्रतिनिधित्व', 'महिलाओ के विरूद्ध अपराध' में राज्य का प्रदर्शन उल्लेखनीय है, जिसमें राज्य की प्रमुख योजनाएं - सबला योजना, पौनी पसारी योजना, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सखी वन स्टाफ योजना, महिला कोष योजना इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री चार बार छत्तीसगढ़ आये चार बड़े झूठ बोले -कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते कुछ महीनो में चार बार छत्तीसगढ़ आये हैं और चार बड़े झूठ बोले जिसे प्रदेश की जनता ने पकड़ लिया, प्रधानमंत्री के झूठ पकड़ाने के बाद भाजपा तिलमिला रही है।**



प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राज्य सरकार द्वारा की जा रही धान को केंद्र द्वारा खरीदना बताकर झूठ बोले, जबकि राज्य सरकार बैंको से कर्ज लेकर धान की खरीदी करती है। जी-20 कार्यक्रम सम्पन्न होना बताकर झूठ फैलाई जबकि उस समय जी-20 कार्यक्रम हुआ ही नहीं था। पूर्व से चली आ रही परियोजनाएं और शुरू हो चुकी योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करके सौगात देने का भ्रम फैलाई, अभी बस्तर में नगरनार संयंत्र के निजीकरण के विषय में गोल-गोल जवाब देकर बस्तर की जनता को धोखा दिया, जातिगत जनगणना के विषय पर भ्रम फैलाई पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर झूठे आरोप लगाए और अनेक कई मामलों में झूठ परोसे हैं। भाजपा नेताओं का सभाओं में भीड़ के आगे झूठ बोलना संगात्मक गुण हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ने कहा कि भाजपा नेताओं को नरेंद्र मोदी के झूठ पकड़ाने के बाद शर्म आना चाहिए। लेकिन भाजपा की सदस्यता की पहली शर्त झूठ बोलना बार बार बोलना झुंड बनाकर बोलना है बकायदा इसकी ट्रेनिग भी दी जाती है। जनता भाजपा नेताओं को झूठ बोलने की मशीन कहती है। भाजपा नेताओं के झूठ बोलने वाले वीडियो को बार बार देखकर समय व्यतीत करती है। भाजपा को अब अपने नेताओं को सच बोलना सीखना चाहिए।भाजपा झूठ को सच नहीं बना सकती जनता समझदार है पढ़ी लिखी है। भाजपा ऊलजुल बयानबाजी कर प्रधानमंत्री के झूठ पर पर्दा करने के लिए कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर अपनी पाप छिपा रही है।

भाजपा नेताओं अपनी फजीहत से बचने छत्तीसगढ़ आ रहे हैं उनके केंद्रीय नेताओं को सच बोलना सिखाए अब भाजपा नेताओं का झूठ परपंच जुमला जनता समझ चुकी है।

## खास खबर

### चाकाबुड़ा में होगा मॉडल जैतखाम का निर्माण

**कोरबा।** रायगढ़ के कोड़ातराई में 04 अक्टूबर को भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खडगे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 82 चयनित विकासखण्डों में मॉडल जैतखाम निर्माण हेतु वर्चुअली शिलान्यास किया। कोरबा जिले के जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत ग्राम चाकाबुड़ा में 25 लाख रूपए की लागत से मॉडल जैतखाम का निर्माण किया जाएगा। संत गुरू घासीदास के सतनाम पंथ के प्रतीक जैतखाम का विकास हेतु मॉडल जैतखाम का निर्माण किया जा रहा है। गुरू घासीदास के समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, सत्य की मार्ग पर चलने की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने हेतु लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उक्त वर्चुअली कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम चाकाबुड़ा में मॉडल जैतखाम का शिलान्यास किया गया। जिला पंचायत कोरबा के सभागार में आयोजित उक्त कार्यक्रम में रूप से जिला पंचायत सदस्य नीलिमा धृतलहरे, कलेक्टर सौरभ कुमार, सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप वर्चुअली रूप से जुड़े थे। साथ ही अखिल भारतीय सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगडे, ग्राम चाकाबुड़ा के सरपंच, सचिव, ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


### जिले के बच्चों को नीट और जेईई की मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग

**गरियाबंद।** जिले के स्कूली बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए नीट और जेईई की निशुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी 'स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना'का अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया।इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर,दुर्ग,बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दी जाएगी।गरियाबंद जिले के पांचों विकासखंडों गरियाबंद,छुरा,फिंगेश्वर,मैनपुर एवं देवभोग में स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर का मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया।जिले में नीट और जेईई में प्रत्येक ब्लाक में 100 सीट आबंटित है।अभी तक जिले के कुल 500 सीटों के विरुद्ध 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनकी मेरिट सूची तैयार कर बच्चों का एडमिशन किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य समझौता किया गया है। इस दौरान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद में वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़े स्कूली बच्चों ने अपने बेहतर भविष्य के लिए योजना के प्रति खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिले में एक हजार 869 मतदान केन्द्र कुल 18 लाख 77 हजार 753 मतदाता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव 2023 के परिपेक्ष्य में कालेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में ठाकुर ने बताया कि आज मतदाता सूची का प्रकाशन तय किया गया है। जिसे संबंधित राजनैतिक दलों को दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 04 अक्टूबर 2023 को स्थिति के अनुसार कुल मतदाता 18 लाख 77 हजार 753 है, जिनमें पुरूष 9 लाख 43 हजार 584, महिला 9 लाख 33 हजार 876 और थर्ड जेंडर 293 है।





इसके पूर्व 02 अगस्त 2023 में कुल मतदाता 18 लाख 05 हजार 310 जिनमें पुरूष 9 लाख 09 हजार 826, महिला मतदाता 8 लाख 95 हजार 189 और थर्ड जेंडर 293 थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता पुनरीक्षण का काम भी पूरा कर लिया गया है। अगस्त माह की तुलना में दो महीने में जिले में 72 हजार 443 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। अगस्त माह में जिले में कुल 18 लाख 05 हजार 310 मतदाता थे, पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की संख्या 18 लाख 77 हजार 753 हो गई है। जिले में 33 हजार 755 नए पुरूष मतदाताओं और 38 हजार 687 नई महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया है। एक नए ट्रांसजेंडर मतदाता ने भी अपना नाम सूची में शामिल कराया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस समय संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात जिले में कुल 1 हजार 869 मतदान केन्द्र हैं।

फॉर्म-06 के अनुसार 86 हजार 575 नए मतदाता जोड़े गए और फॉर्म-07 के अनुसार 13 हजार 640 मतदाता के नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए। साथ ही 33 हजार 604 मतदाताओं के नाम मे फॉर्म-08 के अनुसार संशोधन किए गए। ठाकुर ने राजनैतिक दलों को निर्वाचन के अन्य प्रावधानों की भी जानकारी दी।

2640 में 20 क्विंटल प्रति एकड़ का धान सरकार खरीदेगी

# बीजेपी के 15 साल के शासन में बस्तर की हालत बदत्तर हुई - लखमा





श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा बजाकर स्वागत किया। मंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की। लखमा ने आमसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद किसानों का विकास हुआ है। 15 साल के बीजेपी शासन में किसान की हालत बद से बदत्तर हो गया था कई किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर लेते थे। किन्तु आज हमारी सरकार किसानों को 2500 रुपये धान खरीदी का वादा किया था।**

उससे आगे बढ़ते हुए आज 2640 रुपये में धान खरीदी, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदा जाएगा। इस प्रकार से किसानों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से कहा कि आज आप सभी को कंधे से कंधा, हाथ से हाथ मिलाकर गांव गांव तक कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का काम करना है। बीजेपी शासन में स्कूल, हॉस्टल को बंद करने का काम किया गया। मडकामीपारा के आश्रम को सुकमा में स्थांनातरित कर दिया गया, किन्तु आज हमारी सरकार में पुन? सुकमा से मडकामीपारा में आश्रम खोलने का काम किया जायेगा। बोड़को का पुल निर्माण प्रस्तावित है जिसे जल्द ही पूरा किया जायेगा। आने वाले समय मे मडकामीपारा से मोतोड़ि तक सड़क व पुल का निर्माण किया जायेगा। बड़ेसेट्टी से मुलेकर व पलोड़ आने वालों रास्तों में पुल पुलिया के निर्माण करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच के कारण ही गरीब आदिवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे गोबर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी, रीपा के माध्यम से महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से, भूमिहीन किसानों, पुजारी गायता, हाटपरिया आदि को सालाना सात हजार की सहायता राशि उनके जेब मे पैसा डालने का काम कर रही है। लखमा ने कहा पहले बीजेपी शासन में गांव के लोगों को पुलिस वाले परेशान करते थे, उन्हें बिना वजह या फिर फंसा कर जेल में बंद कर देते थे।

महिलाएं पुलिस थाना का घेराव करती थी जिससे उन्हें बहुत से समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही नक्सलियों के द्वारा भी इन्हें प्रताड़ित किया जाता रहा। आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सरकार बनने के बाद बेकसूर आदिवासियों को छोड़ने का काम किया जा रहा है। आज बस्तर बदल रहा है। हमारी सरकार का ध्येय वाक्य है गढ़बो छत्तीसगढ़ बदलबो बस्तर।

# जिला स्तरीय अधिकारी विधानसभा निर्वाचन संबंधी विभिन्न कार्यों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने आज आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए तैयारी संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**



उन्होंने निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता की घोशणा होते ही सभी आदेश जारी किये जाने की तैयारी, प्रेस कांफ्रेस, राजनैतिक दलों की बैठक, संपत्ति विरूपण कार्यवाही एवं रिर्पोटिंग तथा राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से वाहन एवं शासकीय कर्मचारियों को वापस लेना तथा नामांकन, डाकमत पत्र, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचक नामावली, निर्वाचन व्यय, प्रेक्षक हेतु आवश्यक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की तैयारी एवं सीसीटीव्ही लगाने, वाहनों की व्यवस्था एवं अधिग्रहण, मतदान केन्द्रवार वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और इसके लिए कार्यक्रम की अधिसूचना भी जारी की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में सभी रिटर्निंग ऑफिसर को अधिसूचना संबंधी जारी निर्देशों का पालन करने और निर्धारित प्रपत्र में अधिसूचना जारी करने की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, सामग्री वितरण, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, वाहन परमिशन, ईव्हीएम कमिशनिंग, वीडियो ग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बेरिकेटिंग सहित अन्य तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वसंत ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए अधिसूचना प्रकाशन से लेकर मतदान की समस्त तैयारियों की प्रक्रियाओं एवं अन्य कार्यवाईयों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं जानकारी दी। अधिसूचना संबंधी प्रक्रिया, प्रारूप, आवश्यक सामग्री, स्कैनर, सीसीटीवी, नामिनेशन पंजी, चेक लिस्ट, नोटिस बोर्ड सहित अन्य सामग्री के संबंध में विस्तार से बताया गया।

नामिनेशन फार्म प्राप्त करते समय प्रस्तावक संख्या, समय, नामिनेशन फार्म के सेट व उसकी संख्या, नामांकन फार्म प्राप्त करने की तारीख एवं समय के संबंध में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बैठक में नामांकन पत्रों की समीक्षा, प्रस्तावक, प्रक्रिया, नामवापसी, प्रतीक आबंटन, निर्वाचन नामावली एवं डाकमत पत्र, प्रारूप, प्रकाशन, डाक मतपत्र में पारदर्शिता, मुद्रण आदि की जानकारी दी। निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रकार के मार्गदर्शन से संबंधित निर्वाचन सामग्री, मतदान दलों के बुकलेट प्रदाय के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान से संबंधित रिटर्निंग आफिसर, नोडल अधिकारी, सेक्टर अधिकारियों को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने निर्देशित किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी. मण्डावी, सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।


Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# डिजाइनर नंबर प्लेट वाले वाहनों का कटा चालानः गाड़ियों पर 'बाबा' और 'जिद्दी' लिखवाकर शहर में घूम रहे लोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर (ए)। रायपुर की ट्रैफिक बिना नंबर और डिजाइनर नंबर प्लेट लगवाने वाली गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया। पिछले 3 दिनों के भीतर ही 45 वाहन चालकों पर एक्शन लिया गया। ये जांच शहर के कई चौक-चौराहों और मुख्य मार्गों पर हो रही है।







कार्रवाई के दौरान रायपुर ट्रैफिक पुलिस को गाड़ियों पर अजीब तरह से लिखे नंबर और नाम दिखाई दिए। इनमें से एक वाहन मालिक की महंगी एसयूवी के नंबर प्लेट पर 3 लिखा दिखा, तो वहीं एक बुलेट के मालिक ने अपनी गाड़ी के पिछले नंबर प्लेट पर जिद्दी और एक स्कूटी वाले ने सामने की नंबर प्लेट पर बाबा लिखवाया था। इसके अलावा कई और भी लोग अपने मन से कुछ भी नंबर लिखवाकर गाड़ी के साथ शहर में घूम रहे हैं। इन सभी गाड़ियों की जांच कर चालान काटा गया है।

26 सितंबर की देर रात तेज रफ्तार कार में रायपुर के नेशनल हाईवे पर स्टंट कर रहे युवकों को दैनिक भास्कर ने अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया था। इसका वीडियो सामने आने के बाद इन युवकों के खिलाफ रायपुर SSP प्रशांत अग्रवाल ने तत्काल तेलीबांधा थाने में FIR दर्ज करवाने के निर्देश दिए थे।

रायपुर रेंज के IG रतनलाल डांगी ने कुछ महीने पहले पुलिस के आला अफसरों को निर्देश दिए थे कि सड़क पर गाड़ियों में जानलेवा स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ FIR दर्ज की जाए। इस निर्देश के बाद से मंदिर हसौद और राखी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से नवा रायपुर में स्टंट कर रहे 6 युवकों के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। लगातार कार्रवाई से फिलहाल स्टंटबाजों पर लगाम कसता नजर आ रहा है।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद

दरअसल इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रायपुर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने वालों के खिलाफ लगातार चालानी कार्रवाई कर रही है। इनमें से उन गाड़ियों पर भी एक्शन लिया जा रहा है, जिस पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगा है।

### रायपुर पुलिस ने की लोगों से अपील

रायपुर पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील कि है कि वे अपनी गाड़ियों के नंबर प्लेट पर तय नियमों के तहत स्पष्ट तरीके से नंबर लिखवाएं। नंबर प्लेट पर नंबर के अतिरिक्त कोई भी नाम, पदनाम या किसी और नंबर का उपयोग न करें। ऐसा करते हुए पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खास-खबर



### बस्तर फाइटर का जवान एक सप्ताह से लापता, परिजनों ने जताई नक्सली अपहरण की आशंका

**बीजापुर (ए)।** बस्तर फाइटर के एक जवान का नक्सलियों द्वारा अपहरण किये जाने की खबर सामने आ रही है। बीजापुर पुलिस लाइन में जवान पदस्थ था। पिछले एक सप्ताह से वह अनुपस्थित है। वहीं, सर्व आदिवासी समाज व परिजनों ने नक्सल संगठन से रिहाई की अपील की है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ बस्तर फाइटर का आरक्षक शंकर कुड़ियम (25) निवासी एरमनार बीजापुर बीते 27 व 28 सितंबर से ड्यूटी से अनुपस्थित है। जवान बीजापुर पुलिस लाइन में पदस्थ है। 29 सितंबर को भैरमगढ़ ब्लॉक के उसपरी गांव से आरक्षक शंकर का नक्सलियों द्वारा अपहरण किये जाने की खबर सामने आ रही है। हालांकि इसकी आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं कि गई है। वहीं, दूसरी ओर सर्व आदिवासी समाज व जवान के परिजनों ने नक्सल संगठन से जवान को सकुशल रिहा करने की अपील की है।

### ठेकेदार पर धारदार हथियार से हमला, लाठी से की पिटाई

**चकरभाठा (ए)।** चकरभाठा में पान दुकान के संचालक और उसके भाई ने ठेकेदार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। साथ ही उनकी लाठी से पिटाई की। मारपीट से घायल ठेकेदार ने घटना की शिकायत चकरभाठा थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। चकरभाठा के वार्ड नंबर 14 में रहने वाले आशुतोष सिंह ठाकुर कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं।

मंगलवार की रात करीब 10 बजे वे अमीर-गरीब होटल के पास स्थित पान दुकान गए थे। दुकान संचालक पप्पी ओतवानी से उन्होंने गुटखा मांगा। इस पर दुकान संचालक उन्हें अनाप-शनाप बोलने लगा। मना करने पर उसने ठेकेदार से गाली-गलौज की। साथ ही लाठी लेकर दुकान से बाहर निकल गया। उसने लाठी से ठेकेदार की पिटाई की। मारपीट के बीच कम्मू ओतवानी ने धारदार हथियार से ठेकेदार पर हमला कर दिया।

मारपीट के बीच आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद घायल ने घटना की शिकायत चकरभाठा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### देर रात तक बिकती है शराब

चकरभाठा के आसपास देर रात तक शराब की बिक्री होती है। इसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि देर रात तक क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसके कारण शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं।

## 6 पैकेट्स में भरकर कपड़ों में छिपाया चरस, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** रायपुर पुलिस ने चरस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चरस बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था, इसी दौरान वो पुलिस के हत्थे चढ़ गया। मामला डीडीनगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, डीडी नगर थाना पुलिस को 4 अक्टूबर की देर शाम सूचना मिली थी कि एक युवक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी गेट के पास नशे का सामान बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। जानकारी मिलते ही मौके पर टीम भेजी गई।

पुलिस ने आरोपी को मौके से हिरासत में ले लिया। पूछताछ में वो पुलिस को गोलमोल जवाब देने लगा, जिसके बाद उसके कपड़ों की तलाशी ली गई, तो उसके पास से 6 पैकेट में भरा हुआ चरस बरामद हो गया। जब्त 0.80 ग्राम चरस की कीमत 50 हजार रुपए के करीब है। पुलिस ने आरोपी डी. राहुल राव (24) को गिरफ्तार कर लिया है।



### एसएसपी ने दिए निर्देश

रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सभी अफसरों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि नशे का काला कारोबार करने वाले लोगों पर सख्त एक्शन लेकर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके लिए उन्होंने एंटी क्राइम और साइबर यूनिट को भी अलर्ट किया है। इस वजह से पुलिस इस कारोबार से जुड़े संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बता दें कि कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी सूखे नशे को लेकर चिंता जताई थी और पूरे राज्य में इस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी।

रायपुर की आमानाका थाना पुलिस ने 2 अक्टूबर को 2 आरोपियों को हेरोइन का साथ गिरफ्तार किया था। ये आरोपी नशे की खेप को पंजाब से लेकर रायपुर पहुंचे थे। वे यहां हीरापुर स्थित तालाब के पास सुनसान इलाके में माल खपाने के लिए कस्टमर की तलाश कर रहे थे। इसके बाद पुलिस ने पंजाब के रहने वाले कुलविंदर सिंह (39) और रायपुर निवासी निशानजी सिंह (35) को गिरफ्तार कर लिया था। इनके पास से पुलिस ने 2 पुड़िया में 60 ग्राम हेरोइन, अल्प्राजोलम और लोमोटिल की करीब 500 गोलियां, 3 मोबाइल समेत 6 लाख 30 हजार रुपए का माल जब्त किया था।

## रिहायशी इलाके में पटाखों का भंडार, पुलिस ने की कार्रवाई




**बिलासपुर (ए)।** शहर के रिहायशी इलाके में पटाखों के अवैध भंडारण पर सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई की है। व्यवसायी के ठिकाने से पुलिस ने अलग-अलग प्रकार के पटाखे जब्त किए हैं। पटाखों की कीमत 79 हजार बताई गई है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने बताया कि शहर में त्योहारों के मद्देनजर पटाखों के अवैध भंडारण पर अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसीसीयू की टीम को सूचना मिली कि सिंधी कालोनी के गोदू चौक में व्यवसायी ने रिहायशी इलाके में पटाखों का अवैध भंडारण कर रखा है।

इस पर एसीसीयू और सिविल लाइन की टीम ने गोदू चौक में सुखमीत सलुजा के मकान में दबिश दी। उसके ठिकाने से पुलिस को 12 कार्टून में रखे भारी मात्रा में पटाखे को जब्त कर लिया है। जब्त पटाखों की कीमत 79 हजार 184 रुपये बताई गई है। पुलिस ने व्यवसायी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली पर्व को कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। इसके साथ ही पटाखा का अवैध भंडारण भी रिहायशी इलाकों में होने लगा है। विस्फोटक अधिनियम के तहत पटाखा का भंडारण मैदानी क्षेत्र में किया जाना है, ताकि किसी तरह की आगजनी की अनहोनी पर कोई बड़ा हादसा न हो। पुलिस की निगाह अवैध परिवहन पर भी है।

## दुर्ग कोर्ट में जमानत लेने फर्जी ऋण पुस्तिका प्रस्तुत शिकायत पर कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में इन दिनों फर्जी ऋण पुस्तिका से जामनत लेने का खेल जोरो से चल रहा है। एक सप्ताह के भीतर दुर्ग कोतवाली ऐसे दो मामलों में एफआईआर दर्ज की है। ताजा मामले में जिला न्यायालय दुर्ग में सहायक ग्रेड 3 क्रिमिनल रीडर चिराग शर्मा की शिकायत पर दुर्ग कोतवाली ने जमानतदार सरोज साहू पर धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घटना की शिकायत करते हुए चिराग शर्मा ने पुलिस को बताया कि वे न्यायिक मजिस्रोरट प्रथम श्रेणी दुर्ग पायल टोपनो की अदालत में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय के दाडिंक प्रकरण क्रमांक 2969/14 मसर्स आकाश हाउस विरूद्ध जोगेश्वर राज सिन्हा के मामले में अभियुक्त ओगेश्वर राज सिन्हा की ओर से जमानतदार सरोज साहू (38) निवासी ग्राम नगपुरा थाना पुलगांव द्वारा प्रस्तुत किसान किताब क्रमांक 3415319 को प्रस्तुत किया गया है।




उक्त जमानतदार द्वारा इसी न्यायालय के अन्य प्रकरण क्रमांक 32282/18 शासन विरूद्ध वीएस गुरलू धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा प्रकरण क्रमांक 6751/14 श्रीराम ट्रासंपोर्ट फायनेंस विरूद्ध शशी गेंण्ड्रे धारा 138 एनआई एक्ट में किसान किताब क्रमांक 3415319 के माध्यम से जमानत ली गई है। परंतु उक्त किसान किताब में पूर्व के जमानत का कोई उल्लेख नही है। साथ ही प्रस्तुत किसान किताब में तहसीलदार दुर्ग से जमानतदार को कोई डुप्लीकेट अथवा नवीन किसान किताब जारी किये जाने का कोई प्रमाण नही है। जमानतदार सरोज साहू द्वारा दस्तावेज में कूटरचना किया जाना पाया गया। इस मामले में शिकायत के बाद दुर्ग कोतवाली पुलिस ने सरोज साहू के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।


## कार्यालय- जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 200 / निर्वाह / 2023 — दुर्ग, दिनांक 03/10/2023

**परिशिष्ट - 2**

**( नियम 4.4.2 )**

**द्वितीय अर्धवार्षिक निविदा, वर्ष 2023 2024**

केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरूद्ध बंदियों के लिए सब्जी क्रय किये जाने हेतु निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 30.10.2023 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यापारी द्वितीय अर्धवार्षिक निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

01. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि 27.10.2023 समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक।

02. निविदा जमा करने की तिथि 30.10.2023 को समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक।

03. निविदा खोलने की तिथि 30.10.2023 समय सायंकाल 04.30 बजे स्थान कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल दुर्ग।

04. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग के कार्यालय में आवेदन (आयकर प्रमाण पत्र के साथ) प्रस्तुत कर रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा ऐसे निविदाकार को निविदा शुल्क आवेदन के साथ (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रु.5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व नगद भुगतान करना होगा।

जी-05922/4

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल दुर्ग ( छ.ग. )


## फल के कैरेट में छुपाकर शराब तस्करी, 100 पेटी गोवा शराब जब्त

**मनेन्द्रगढ़/बलौदाबाजार (ए)।** पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के दो अलग-अलग जिलों में बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब जब्त किये गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने कुल 5 आरोपियों को भी दबोचा है। पहला मामला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में फल के कैरेट में छुपाकर गोवा शराब पिकअप से तस्करी की जा रही थी, जिसे पुलिस ने पकड़ा है। जब्त शराब की कीमत 4 लाख रुपये है। वहीं दूसरी ओर बलौदाबाजार जिले में नकली शराब बड़ी मात्रा में पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा है। आरोपी बंद पड़े ढाबे की आड़ में नकली शराब बनाने का धंधा चला रहे थे।







मनेन्द्रगढ़ पुलिस ने 100 पेटी अवैध गोवा शराब के साथ पिकअप वाहन जब्त किया है। पुलिस ने शराब के साथ तीन आरोपियों को भी पकड़ा है। जब्त शराब की कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई जा रही है। शराब मध्यप्रदेश के केसवाही से अंबिकापुर ले जाई जा रही थी। आरोपी शातिर तरीके से फल के कैरेट की आड़ में छुपाकर शराब की तस्करी कर रहे थे।

### बलौदाबाजार पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकली शराब पकड़ा

बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक दीपक झा की विशेष टीम ने बड़ी मात्रा में नकली शराब पकड़ा है। सायबर सेल और पलारी पुलिस की विशेष टीम ने दी दबिश देकर नकली शराब के धंधे का भंडाफोड़ किया है। आरोपी बंद पड़े ढाबे की आड़ में नकली शराब बनाने का काम कर रहे थे। वर्षों से सुहेला पुलिस थाना क्षेत्र में नकली शराब बनाने का धंधा चल रहा था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। वहीं बाकी आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### नेहरू आर्ट गैलरी में एस डी बर्मन और राजू वर्मा की खीची छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा 69वे राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह 2023 के अवसर पर छायाकार, एस डी बर्मन और राजू वर्मा द्वारा खीची गई वन्यजीवन आधारित छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का आयोजन, नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में दिनांक 05 से 07 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 05 अक्टूबर, 2023 को संध्याकाल 6 बजे मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमति निशा सोनी द्वारा किया जाएगा।इस प्रदर्शनी में वन्यजीव संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालने हेतु प्रदर्शित की जाने वाली तस्वीरों में, मुख्यतरू छत्तीसगढ़ और भारत के अन्य राज्यों के वन्य जन्तुओं और पक्षियों की एक विस्तृत श्रृंखला को दर्शाया जाएगा। एस डी बर्मन, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हैं और वर्तमान में प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में मास्टर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। वह शौक से एक प्रकृति, वन्यजीवन और खेल फोटोग्राफर हैं। राजू वर्मा (खेमराज) पाटन क्षेत्र के ग्राम मर्रा के निवासी हैं, और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वन्य जन्तुओं और पक्षियों पर डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट-फिल्म भी बनाई है। वन्यजीवन फोटोग्राफी में जंगल और खुली प्रकृति में रहने वाले जीव-जंतुओं के जीवन के विविध पहलुओं को फोटोग्राफ के माध्यम से दर्शाया जाता है।

### संयंत्र की सभी खदानों में स्वच्छता ही सेवा है के तहत श्रमदान

**भिलाई ।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर सभी जगह एक साथ, एक समय पर 1 अक्टूबर कोएक घंटे के लिये भारत देश को स्वच्छ, सुन्दर बनाने हेतु स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता श्रमदान का कार्य किया गया। ज्ञात हो, 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक श्रमदान पखवाडा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों सहित संयंत्र की सभी खदानों, जिसमें राजहरा यंत्रीकृत खदान, दल्ली यंत्रीकृत खदान, महामाया-दुल्कीखदान, फ्लक्स खदान, नंदिनी चूना पत्थर खदान, हिर्री डोलोमाईट खदान एवं कुटेश्वर चूना पत्थर खदान में 'स्वच्छता ही सेवा है एवं स्वच्छता अभियान 3.0' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य महाप्रबंधक (खदान) लौह अयस्क समूह, राजहरा आर बी गहरवार के मार्गदर्शन में, लौह अयस्क समूह, राजहरा में 1 एवं 2 अक्टूबर 2023 को निम्नलिखित स्वच्छता आधारित गतिविधियां की गईं, जिसके लिए खदान बिरादरी के सदस्यों ने स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया,जो इस प्रकार है। राजहरा बाबा मंदिर परिसर की सफाई की गई। खदान कार्यालय राजहरा, खदान कार्यालय दल्ली एवं महामाया-दुल्की माइंस के पुरातात्विक बूढादेव बाबा मंदिर परिसर की सफाई की गई। राजहरा टाउनशिप में स्वच्छता जागरूकता हेतु बैनर एवं पोस्टर लगाये गए। इसके लिए उप-महाप्रबंधक सत्येन्द्र कुमार का भी विशेष योगदान रहा।इसके अतिरिक्त, स्वच्छता अभियान 3.0 के तहत, आगे भी लौह अयस्क समूह खदानों के नजदीकी ग्रामों में स्कूली बच्चों के द्वारा, स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया जाएगा।

# जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी बन कर तैयार विधायक यादव ने जनता को किया समर्पित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग जिले का पहला डिजिटल लाइब्रेरी खुर्सीपार श्रीराम चौक के पास बन कर तैयार हो गया है। जिसे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाई के छात्र-छात्राओं को सौंप दिया है।**



पूरे विधि विधान के सा?थ लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां छात्र-छात्राओं के साथ विधायक ने फीता काटकर लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इस दौरान क्षेत्र के विद्यार्थियों में बड़ी उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

फीता काटने के साथ विधायक श्री यादव सहित सभी ने लिए लाइब्रेरी ओपन की गई। सभी ने लाइब्रेरी के प्रत्येक कमरे, रीडिंग जोन, बुक्स आदि का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी की खूबसूरती और सुविधाओ को देख कर क्षेत्र के नागरिक व छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह का माहौल रहा। लाइब्रेरी में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। क्षेत्र के नागरिकों ने इसके लिए विधायक श्री यादव का आभार जताया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल सहित सभी एमआईसी मेंबर, क्षेत्र के कांग्रेसी नेता आदि शामिल रहे।

**अब सभी करेंगे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी**

हमारे बच्चे भी बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी सहित सभी तरह की परीक्षा दे सकें। उनकी पढ़ाई में पैसा और सुविधा संसाधन की कमी कोई बाधा ना बने। सभी बच्चों जरूरी किताबें उपलब्ध कराने यह लाइब्रेरी शुरू की गई है। जो हमारे बच्चों को भविष्य उज्जवल बनाएंगी। मेरी यह प्रार्थना है कि हमारे बच्चे खूब पढ़े और इस शिक्षाधानी का नाम पूरे विश्व में रौशन करें।

## 150 वर्ष पुराने बांध को बदला गया जनाकर्षण के केंद्र के स्वरूप में विधायक वोरा ने किया शुभारंभ, पहले ही दिन उमड़ा जन सैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। पिछले 150 वर्षों से दुर्ग भिलाई के मध्य स्थित ठगड़ा बांध उपेक्षा का शिकार रहा था। सैकड़ों घरों में ग्राउंड वाटर लेवल की बढ़ोतरी व आसपास में सिंचाई का प्रमुख साधन होने के बावजूद बांध के विकास की परियोजनाएं सिर्फकागजों में बनती रहीं पर कार्यों को मूर्त रूप नहीं दिया गया था। वर्ष 2018 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद विधायक अरुण वोरा की पहल से अब ठगड़ा बांध जनाकर्षण का केंद्र बन गया है।**



4 अक्टूबर को आम जनता के लिए आमोद प्रमोद की शुरुवात करने के साथ ही पहले ही दिन जनसैलाब उमड़ पड़ा। वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा ने वरिष्ठ नेता व राज्य पिछड़ा आयोद उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, लक्ष्मण चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, एआईपीसी प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर की मौजूदगी में बांध में भ्रमण के लिए जनता के लिए शुरुवात की। उन्होंन ट्विन सिटी की जनता को दिए गए सौगात के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि आने वाले समय मे ठगड़ा बांध बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक करने वाले नागरिकों के लिए एक नया आकर्षण बनेगा। जहां आमजन बोटिंग, चिल्ड्रन पार्क, सॉफ्ट प्ले जोन, फूड कोर्ट एवं उद्यान के साथ ही हर सप्ताह नवीन इवेंट्स का लुफ्त उठा सकेंगे। वोरा ने स्वयं नौका चला कर बोटिंग का शुभारंभ किया। साथ ही भारत में 12 वर्ष बाद आयोजित क्रिकेट वर्ल्ड कप का प्रसारण भी फूड कोर्ट व उद्यान में करने की व्यवस्था की जा रही है। लगभग 16.5 करोड़ की राशि शासन द्वारा खर्च करने के बाद अब बांध अपने स्वरूप में आ चुका है। जल्द ही बच्चों के लिए टॉय ट्रेन भी प्रारंभ किया जाएगा। वोरा ने अपने उद्बोधन के दौरान दाऊ माधव प्रसाद चंद्राकर के योगदान की प्रसंशा करते हुए उनके परिजनों को सामाजिक सरोकार की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए साधुवाद दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष गया पटेल, समस्त ब्लाक अध्यक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षद व एल्डरमैन, दानवीर दाऊ माधव प्रसाद चंद्राकर के समस्त परिजन व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## बिना अनुमति के बिछाए जा रहे केबल को निगम ने ट्राली सहित किया जप्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में बिना अनुमति के जियो टेलिकॉम द्वारा बिछाए जा रहे आप्टिकल फाइबर केबल को निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने कार्यवाही की। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण, निर्माण तथा बिना अनुमति के फाइबर केबल बिछाने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

वैशालीनगर जोन-2 क्षेत्र के जवाहर नगर दारू भटटी के सामने रोड में जियो कंपनी के द्वारा बिना अनुमति के आप्टिकल फाइबर लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा था, जिसकी सूचना प्राप्त होते ही निगम के भवन अनुज्ञा जोन-2 के राजस्व अमले के साथ मौके पर पहूँच कर ट्रेक्टर ट्राली में रखे जियो आप्टिकल फाइबर को ट्राली सहित तथा एक पानी टेंकर को जप्त किया गया। शिकायत के आधार पर भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों के साथ निगम का अमला मौके पर पहुंचा केबल बिछाने वालों से केबल बिछाने की अनुमति पत्र दिखाने को कहा तो उनके द्वारा गोल मोल जवाब देते हुए किसी प्रकार अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं कर सके अतः कार्यवाही के लिए पहुंची निगम की टीम ने मौके से बिछाए जा रहे केबल के साथ अन्य सामग्रियों को जप्त किया गया।

टेलिकॉम सर्विस कंपनी द्वारा बिना कोई अनुमति केबल बिछाने या गडढा खोदने की शिकायत मिलने पर निगम की टीम सूचना मिलते ही त्वरित कार्यवाही करने मौके पर पहुंचकर गलत ढंग से किए जा रहे कार्यो पर शिकंजा कसने मशीन आदि को जप्त बनाते हुए अर्थदण्ड भी वसूलने की कार्यवाही की गई है।

## सिरसा गेट से जरवाय चौक तक 2.25 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण होगा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** सिरसागेट चौक से जरवाय चौक तक करीब 3.34 किलोमीटर लंबे गौरव पथ का 2.25 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसका मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल, महापौर निर्मल कोसरे और सभापति कृष्णा चंद्राकर ने भूमिपूजन किया। गौरव पथ का निर्माण लगभग अंतिम चरण पर है। इसके साथ ही इसका सौंदर्यीकरण का काम भी किया जाएगा। इसके तहत मार्ग में पाथ-वे समेत अन्य चीजें लगाई जाएंगी। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मोहन साहू, मनोज कुमार, एस. वेंकट रमना, दीप्ति आशीष वर्मा, एम. जानी, ईश्वर साहू, देवकुमारी भलावी, संतोषी निषाद, पार्षद संतोष तिवारी एवं अभिषेक वर्मा उपस्थित थे।

## सीएसवीटीयू की इंटर कॉलेज स्पर्धाएं 4 जोन में, 112 कॉलेज हो रहे शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताओं का जोनवार कैलेंडर जारी किया है। इसके लिए राज्य के सभी 112 शासकीय और निजी प्रोफेशनल कॉलेजों को चार जोन दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में बांटा गया है। दुर्ग जोन के तहत दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा और बेमेतरा जिलों के विद्यार्थियों के लिए खेल की तिथियां घोषित की गई है। इसकी शुरुआत बुधवार को बैडमिंटन स्पर्धा से हुई।**



विवि के संचालक खेल और शारीरिक शिक्षा डॉ. एसआर ठाकुर ने बताया कि अंतर महाविद्यालयीन खेल स्पर्धाएं 4 अक्टूबर से शुरू हो रही हैं। इसके तहत रूंगटा कॉलेज में 4 अक्टूबर को बैडमिंटन, 6 को बॉस्केट बॉल, 9 को बीआईटी में टेबल टेनिस, सीसीईटी में शतरंज, सीएसआईटी में 10 को कबड्डी, रूंगटा कॉलेज में 11 को खो-खो, 12 को बीआईटी में व्हॉलीबॉल, 13 को रावतपुरा सरकार कॉलेज कुम्हारी में रस्सीकूद, रूमाल झपट्टा, पिट्ठुल, 14 को मनसा कॉलेज में रस्साकसी और 15 को हैंडबॉल,16 को रूंगटा कॉलेज में फुटबॉल (म.), 19 अक्टूबर मनसा पॉलीटेक्निक कॉलेज में एथलेटिक्स और 20 को बीआईटी में क्रिकेट (म.) की स्पर्धाएं होंगी।

इसके अलावा तैराकी, कुश्ती, योग, जूडो, कराटे, किक बॉक्सिंग, ताईक्वांडो, लॉन टेनिस, कुश्ती, नेटबॉल, वुडबॉल, रोप स्किपिंग, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग, फेंसिंग की स्पर्धाएं भी होंगी। रूंगटा कॉलेज को जोन -वन का नोडल बनाया तकनीकी विवि ने जोन एक के लिए प्राचार्य रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज कोहका (आर-1) को नोडल बनाया है। चारों जोन के मैच के बाद अंतर जोन स्पर्धाएं 25 अक्टूबर से होंगी। इसमें चारों जोन के विभिन्न इवेंट्स के विजेता और उपविजेता अपने-अपने जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंतर जोन के बाद ईस्ट जोन और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन खेल स्पर्धा के लिए चयन स्पर्धा होंगी और शिविर लगाए जाएंगे।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, राजनैतिक दलों की बैठक, जिले में बढ़े 39 हजार 364 नये मतदाता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा की गई है।भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया गया है।**



उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने बताया कि 02 अगस्त 2023 से 11 सितंबर 2023 तक मतदाता केंद्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया गया है। 11 सितंबर 2023 तक की स्थिति में जिले में कुल मतदाता 13 लाख 91 हजार 986 से बढ़कर 14 लाख 31 हजार 350 मतदाता हो गए हैं। इस तरह से कुल 39 हजार 364 नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हुआ हैं। इनमें 17 हजार 173 पुरूष मतदाता एवं 22 हजार 189 महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। विधानसभा क्र. 62 पाटन में कुल 4080 नये मतदाता जुड़े हैं, इनमें 1831 पुरूष एवं 2249 महिला मतदाता का नाम शामिल हुए है। इसी प्रकार वि.स. क्र. 63 दुर्ग ग्रामीण में 5 हजार 91 नए मतदाता का नाम जोड़े गए हैं, इनमें 2 हजार 104 पुरूष एवं 2 हजार 988 महिला मतदाता का नाम शामिल है। वि.स. क्र. 64 दुर्ग शहर में कुल 7 हजार 969 नए मतदाता का नाम जोड़े गए हैं, जिसमें 3 हजार 493 पुरूष एवं 4 हजार 476 महिला मतदाता शामिल है। वि.स. क्र. 65 भिलाई नगर में 4 हजार 514 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, इसमें 1 हजार 839 पुरूष एवं 2 हजार 673 महिला मतदाता का नाम जोड़ा गया है। वि.स. क्र. 66 वैशाली नगर में कुल 7 हजार 294 मतदाताओं के नाम जोड़े गये है, जिसमें 3 हजार 164 पुरूष एवं 4 हजार 124 महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वि.स. क्र. 67 अहिवारा में कुल 7 हजार 185 नये मतदाता जोड़े गए है, जिसमें 3 हजार 157 पुरूष एवं 4 हजार 30 महिला मतदाता का नाम शामिल है। वि.स. क्र. 68 साजा (आंशिक) में कुल 2 हजार 527 मतदाताओं के नाम जोड़े गये है, जिसमें 1 हजार 244 पुरूष एवं 1 हजार 284 महिला मतदाता का नाम जोड़ा गया है। वि.स. क्र. 69 बेमेतरा (आंशिक) में भी 704 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है, जिनमें 341 पुरूष एवं 363 महिलाएं शामिल है।

ज्ञात हो कि वर्तमान विधानसभा पाटन में मतदान केंद्रों की संख्या 246 है। इसी प्रकार वि.स. दुर्ग (ग्रामीण) में 227, वि.स. दुर्ग (शहरी) में 215, भिलाई नगर में 167, वैशाली नगर में 242, अहिवारा में 259, साजा (आंशिक) में 101 एवं बेमेतरा (आंशिक) में 22 मतदान केंद्र है।

इस प्रकार कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1479 है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले में 3362 बीयू, 2032 सीयू, 2216 वीवीपीएटी उपलब्ध है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन एवं स्थानांतरण के लिये voters. eci.gov.in, Voter Service Portal तथा Voter Helpline App में ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं तथा मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते है अथवा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नं. 1950 में संपर्क कर सकते है।

## आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए अधिकारी करें गंभीरतापूर्वक कार्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों द्वारा किए जा रहे है विभागीय प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा।**



कलेक्टर ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के उपरांत किसी भी प्रकार के नवीन कार्य प्रारंभ नही होगा और न ही कोई नया वर्कआर्डर जारी नही किया जाएगा। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिका एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में रिक्त पदों में नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए भर्ती कार्य को शीघ्र पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर हुई कार्यवाही के बारे अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। साथ ही सभी अधिकारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए गंभीरतापूर्वक कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने से छूटे हुए लोगों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बन जाए, इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से बेहतर कार्ययोजना के साथ कार्य करने को कहा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समस्त तहसीलों को जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण के लिए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा। साथ ही उन्होंने स्कूल जतन योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिन्हित हाट बाजारों, स्वास्थ्य केन्द्रों में किए जा रहे टेस्ट एवं दवाई की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि अनुविभागीय अधिकारी हाट बाजारों में स्वयं जाकर निरीक्षण करें कि कितने मरीजों की जांच की गई और कितने मरीजों का लैब परीक्षण किया गया।

सारथी ऐप का उपयोग करते हुए जनदर्शन, जनचौपाल और जन शिकायतों के प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। एक कदम समाधान की ओर के कुशल संचालन तथा नियमित निगरानी कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने को कहा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950